# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025





हाईकोर्ट का फैसला

## कुछ शर्तों के अधीन पदोन्नति वैध रूप से दी जा सकती है

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि राज्य के हितों की रक्षा के लिए कुछ शर्तों के अधीन पदोन्नति वैध रूप से दी जा सकती है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु की खंडपीठ ने एक मामले में यह फैसला सुनाया। एक मामले में फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपों की गंभीरता और प्रशासनिक औचित्य के हित में सर्वोच्च स्तर पर यह निर्णय लिया गया। याचिका के मुताबिक अनिल सिन्हा विधि एवं विधायी कार्य विभाग में अवर सचिव के पद पर कार्यरत थे। उनकी पदोन्नति के मामले पर विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) द्वारा विचार किया गया था। महालेखाकार कार्यालय द्वारा गंभीर वित्तीय आपत्तियां उठाई गईं, जो याचिकाकर्ता की पूर्व में गलत पदोन्नति और 10 लाख 84 हजार 868 रुपए के लंबित वसूली आदेश से संबंधित थीं। इसे उन्होंने चुनौती दी। याचिका के मुताबिक मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा डीपीसी बुलाई गई, जिसने वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों का पुनर्मूल्यांकन कर उप सचिव के पद पर पदोन्नति की सिफारिश की। पदोन्नति आदेश 17 मई 2021 को दो शर्तों के साथ जारी किया गया। इसमें कहा गया कि पदोन्नति उसकी पिछली पदोन्नति के संबंध में आपत्ति पर अंतिम निर्णय के अधीन होगी और यदि आपत्ति का निर्णय उसके विरुद्ध होता है, तो पदोन्नति स्वतः ही रद्द हो जाएगी। इसके बाद वार्षिक वेतन वृद्धि देने का निर्णय महालेखाकार कार्यालय द्वारा 10 लाख 84 हजार 868 रुपए के अधिक भुगतान के मुद्दे पर निर्णय लेने के बाद ही लिया जाएगा।


# जिला अस्पताल में हुआ जलपरी जैसे दिखने वाले शिशु का जन्म

**सिजेरियन डिलीवरी से को जिला अस्पताल में जन्मे जलपरी जैसे दिखने वाले बच्चे को देख डाक्टर सहित स्टाफ हैरान रह गया। कहा जा रहा है कि यह देश का दूसरा व छत्तीसगढ़ का पहला केस है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर से लगे गांव की 28 वर्ष की महिला को प्रसव पीड़ा होने पर उसे डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। नार्मल डिलीवरी नहीं होने पर गायनेकोलाजिस्ट ने महिला की सिजेरियन डिलीवरी कराई। शिशु को देख डाक्टर सहित ओटी की टीम हैरान रह गई। शिशु के दोनों पैर जलपरी की तरह आपस में चिपककर एक हो गए थे। ऐसा लग रहा था कि यह पूंछ है। यह दुर्लभ मरमेड बेबी तीन घंटे तक जीवित रहा था। उसके बाद शिशु की मौत हो गई। प्रसूता की डिलीवरी कराने वाली स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. रागिनी ठाकुर ने मीडिया को बताया कि 1 अक्टूबर को एक महिला को डिलीवरी के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्रसूता के पेट में थोड़ा भी पानी नहीं था। ऐसी स्थिति में तत्काल सीजर से डिलीवरी करानी पड़ी। शिशु के ऊपर का हिस्सा क्लीयर था। आंख, नाक, कान विकसित थे, लेकिन रीढ़ की हड्डी के नीचे का हिस्सा फ्यूज था। शिशु के नीचे का हिस्सा जलपरी की तरह पूंछनुमा था। शिशु का वजन 800 ग्राम था। तीन घंटे बाद उसकी मौत हो गई। डाक्टरी भाषा में इसे मरमेड सिंड्रोम/सिरेनोमेलिया कहा जाता है। ऐसे बच्चों का जेंडर पता नहीं चल पाता।

### 3 घंटे बाद मरमेड बेबी की हो गई मौत, छत्तीसगढ़ का पहला मामला



### मरमेड सिंड्रोम दुर्लभ

जानकारी के अनुसार मरमेड सिंड्रोम एक दुर्लभ जन्मजात विकृति है जिसमें पैर एक साथ जुड़े होते हैं। इससे एक जलपरी की पूंछ जैसी आकृति बन जाती है। इसलिए इसका उपनाम सिरेनोमेलिया पड़ा है। लड़कों में यह स्थिति लड़कियों की तुलना में तीन गुना ज्यादा देखी जाती है।

### मौसम का साइड इफेक्ट के अलावा नकली दवा की भी आशंका

# धान पर कीटों का हमला, किसान मुश्किल में क्योंकि कीटनाशक भी नहीं कर रहा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग-भिलाई/धमतरी/जगदलपुर

राज्य के कई इलाकों में मौसम में उतार चढ़ाव के बीच धान की फसल पर कीटों का प्रकोप बढ़ने लगा है। पिछले 15 दिनों में माहू कीट ने बालियां निकलने से पहले ही फसल को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है। खास बात यह है कि किसानों द्वारा इसके असर को कम करने के लिए कीटनाशक का भी छिड़काव किया जा रहा है, लेकिन इसका असर नहीं हो रहा। इस वजह से किसानों ने आशंका जताई है कि नकली कीटनाशक होने की वजह से ऐसे हालात बन रहे हैं। हरिभूमि ने प्रदेश धमतरी, दुर्ग-भिलाई और जगदलपुर में हो रही खेती-किसानी कार्य का मुआयना किया। इस दौरान फसलों पर कीटों के हमले और कीटनाशकों के निष्प्रभाव होने की जानकारी सामने आई। बताया जा रहा है कि दुर्ग जिले में सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में अंडा, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, सुखरी, गोरकापार, मचांदुर, कातरो, खोपली, फुंडा, रानीतराई सहित पाटन शामिल हैं।

हरिभूमि सरोकार

### जगदलपुर में ब्लास्ट, फाल्स स्मट के लक्षण भी दिख रहे

बस्तर में धान और मक्के की फसल लहलहा रही है। खंड वर्षा और अतिवृष्टि के चलते कहीं कहीं कीट प्रकोप का असर फसल में हो रहा है। किसान दुकानदारों से कीटनाशक दवाई लेकर फसल में छिड़काव कर रहे है, लेकिन कहीं किसान दवा स्प्रे से कीट प्रकोप का असर कम होने की बात कह रहे हैं तो किसी गांव का किसान कीटनाशक दवा प्रभावशाली नहीं होने की बात भी कह रहे हैं। बकावंड ब्लाक के पाहुरबेल के युवा किसान गुलशन भारती ने कहा कि उन्होंने 5 एकड़ में धान का फसल लगाया है। जहां ट्रीडियम दवा का स्प्रे किया गया है। बावजूद कीट प्रकोप का असर दिख रहा है। कुरंदी के किसान उडदो ने बताया कि मक्का फसल में कीड़ा फाल आर्मी वर्म की बीमारी हो रहा है। जिसके लिए इमा मेक्टिन बेंजोएट, इन्सेक्टिकसाइट दवा का छिड़काव किया गया है। दवा स्प्रे के बाद भी पूरी तरह से बीमारी दूर नहीं हुआ है।



### कीटनाशक के उपयोग में गलती कर रहे

किसान कीटनाशक के उपयोग में गलती कर रहे हैं, इस वजह से उन्हें दिक्कत हो रही है। भूरा माहू में एक से अधिक प्रकार की दवा को मिलाकर उपयोग में लाया जा रहा है, जबकि यह गलत है। केवल दवा का निर्धारित मात्रा में उपयोग होना चाहिए। मात्रा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कृषि विशेषज्ञों की सलाह लेनी चाहिए। दवा का छिड़काव ऊपर-ऊपर न कर तने में करना चाहिए। इसके बाद इसका असर तीन दिन में नजर आने लगता है। कीटनाशक की क्वालिटी को लेकर ऐसे चैलेंज नहीं किया जा सकता, इसकी जांच लैब में कराई जानी चाहिए।

-ईश्वरी साहू, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र पाहंदा

### धमतरी में 7 से 8 दफा दवा का इस्तेमाल

धमतरी में कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से नदी, तालाब सहित अन्य जलस्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। साल दर साल कीट प्रकोप इतना बढ़ रहा है कि किसान अंधाधुंध कीटनाशकों का उपयोग कर रहे हैं। किसी ने सात बार, तो किसी ने आठ बार कीटनाशकों का छिड़काव किया है। इसके बाद भी कीट प्रकोप खत्म नहीं हुआ है, ऐसे में किसान फिर से छिड़काव की तैयारी कर रहे हैं। लगातार कीटनाशकों के प्रयोग से खेतों का पानी जहरीला हो गया है। यही पानी खेतों से ओवरफ्लो होकर तालाब, पोखर, नदी जैसे जलस्त्रोतों में स्टोर होता है। धान की खेती से हर साल कीट प्रकोप बढ़ता जा रहा है।

## तान नदी के पास फेंक रहे पावर प्लांट से निकला फ्लाई ऐश

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कोरबा जिले के कोनकोना गांव स्थित परित्यक्त पत्थर खदान में थर्मल पावर प्लांट्स द्वारा राख (फ्लाई ऐश) डंप करने के मामले में गंभीर रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति बी.डी. गुरु की डिवीजन बेंच ने कहा कि राख फेंकने की अनुमति पर्यावरण मंत्रालय की गाइडलाइन का उल्लंघन है। याचिकाकर्ता गोविंद गौर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता किशोर भादुड़ी ने दलील देते हुए कहा है कि कोरबा के थर्मल प्लांट्स राख को कोनकोना आर्डिनरी स्टोन माइंस के गड्ढों में डाल रहे हैं। ये गड्ढे तान नदी (हसदेव की सहायक नदी) से महज 150 मीटर की दूरी पर हैं, जबकि केंद्र सरकार के पर्यावरण मंत्रालय ने 28 अगस्त 2019 के आदेश में स्पष्ट किया है कि राख डंपिंग किसी भी नदी या जलस्रोत से कम से कम 500 मीटर दूर होनी चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया है कि निरीक्षण रिपोर्ट में नदी तान को नाला/ड्रेनेज दिखाकर नियमों को दरकिनार किया गया है। जबकि खनन योजना और पर्यावरणीय मंजूरी में साफ लिखा गया था कि खदान के गड्ढे को जलाशय के रूप में विकसित किया जाएगा और उसमें लैंडफिल नहीं होगी। सुनवाई के दौरान पर्यावरण संरक्षण मंडल (रीजनल आफिस, कोरबा) की ओर से अधिवक्ता ने कहा कि राख डंपिंग की दी गई सभी अनुमतियां पहले ही रद्द कर दी गई हैं। हालांकि, याचिकाकर्ता ने इस दावे को गलत बताया। कोर्ट ने मामले को गंभीर मानते हुए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, कोरबा रीजनल आफिस के अधिकारी को निर्देश दिया कि वे व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करें और स्पष्ट करें कि वास्तविक स्थिति क्या है। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 7 अक्टूबर को तय की है।






आनंद का सच्चा भाव®
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹85071/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹103900/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹113417/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
*Conditions apply
ANAND Jewels
Pandri, Raipur

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

बिलासपुर, शनिवार 4 अक्टूबर 2025

तीन कालेजों के लिए 1077 करोड़ मंजूर

## खुशखबरी, बढ़ जाएंगी मेडिकल की 300 सीटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में डाक्टरी की पढ़ाई करने वालों को सरकारी सीट हासिल करने में आने वाले साल से और आसानी होगी। अनुमान है कि राज्य में सरकारी स्तर पर एमबीबीएस की 300 सीटों का इजाफा होगा। राज्य सरकार ने जांजगीर-चांपा, कबीरधाम और मनेन्द्रगढ़ में चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए 1077 करोड़ की राशि को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। राज्य में अभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या दस है। इन जिलों में नये कालेज खुलने के बाद इनकी संख्या बढ़कर 13 हो जाएगी। इन कालेजों के ▶▶| शेष पेज 6 पर

## शाह पहुंचे रायपुर, आज जाएंगे बस्तर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिनों के छत्तीसगढ़ प्रवास पर शुक्रवार की रात को समय से पहले ही 7.30 बजे रायपुर पहुंचे। विमानतल पर उनका मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम विजय शर्मा, अरुण साव, प्रदेश के मंत्रियों और भाजपा नेताओं से स्वागत किया। विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह भी विमानतल पहुंचे। यहां पर रात्रि विश्राम करने के बाद वे ▶▶| शेष पेज 6 पर

# शाह के हाथों मिलेगी महतारी वंदन की सौगात, 65 लाख महिलाओं के खातों में आएंगे 600 करोड़ से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय गृहमंत्र अमित शाह 4 अक्टूबर को माई दंतेश्वरी की धरती जगदलपुर में आयोजित बस्तर दशहरा एवं मुरिया दरबार के मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं के बैंक खाते में 606 करोड़ 94 लाख रुपये की राशि अंतरित करेंगे। महतारी वंदन योजना की 20वीं किस्त की राशि का लाभ प्रदेश की 64,94,768 लाभार्थी महिलाओं को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से महतारी वंदन योजना की शुरुआत 1 मार्च 2024 से की थी। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य 21 वर्ष से अधिक आयु की सभी विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि वे न केवल अपनी घरेलू ▶▶| शेष पेज 6 पर

### वित्तीय आंकड़ा 12983 करोड़ पहुंचा



केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के हाथों 4 अक्टूबर को जारी होने वाली 20वीं किस्त की राशि 606 करोड़ 94 लाख रुपये के अंतरण के बाद, महतारी वंदन योजना का कुल वित्तीय आंकड़ा बढ़कर 12983 करोड़ 13 लाख रुपये से अधिक हो जाएगा। यह उपलब्धि न केवल छत्तीसगढ़ सरकार की महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, बल्कि यह भी स्पष्ट करती है कि राज्य की ▶▶| शेष पेज 6 पर

# साय सरकार धान खरीदी में इस बार किसानों के साथ सोसाइटियों और मिलर्स को भी देगी राहत

## नई धान उर्पाजन और कस्टम मिलिंग नीति तैयार, कैबिनेट में होगा पेश

*छत्तीसगढ़ सरकार की वर्ष 2025-26 के लिए नई धान उपार्जन नीति और कस्टम मिलिंग नीति बनकर तैयार है। बताया गया है कि नीति के प्रारूप को इसी महीने दीपावली के पहले होने वाली कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट की मंजूरी के बाद यह नीति लागू होगी। खास बात ये है कि इस बार धान उपार्जन करने वाली सोसाइटियों और मिलिंग करने वाले मिलरों को सरकार कुछ राहत दे सकती है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार धान उपार्जन और कस्टम मिलिंग नीति को राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा चुका है। समिति ने इसे अपने स्तर पर मंजूरी दे दी है, लेकिन दोनों नीतियों को लागू करने के लिए कैबिनेट की मंजूरी अनिवार्य है। छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी की शुरुआत 1 नवंबर से संभावित है। इस बार धान बेचने के लिए किसानों को ऑनलाइन टोकन मिलेगा। यही नहीं, किसानों में छोटे और सीमांत किसानों का धान भी पहले खरीदा जाएगा।



### धान बेचने के लिए आनलाइन टोकन

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले पंजीकृत किसानों को इस सीजन में धान बेचने के लिए टोकन हासिल करने के लिए लंबी-लंबी कतारों में नहीं खड़ा होना पड़ेगा। इस बार किसानों को ऑनलाइन माध्यम से टोकन जारी किए जाएंगे। टोकन मिलने के बाद तय तारीख पर किसान आसानी से धान बेच पाएंगे। टोकन बांटने के लिए तुंहर एप की व्यवस्था की गई है। यही नहीं, धान बेचने के लिए पहला अवसर छोटे और सीमांत किसानों को मिलेगा। इन किसानों में वे आते हैं, जिनके पास 2 एकड़ से लेकर 10 एकड़ तक जमीन है।

### मिलरों को राहत

राज्य में धान खरीदी शुरू होने के साथ ही कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इस व्यवस्था में नियम ये है कि धान उठाने के लिए डीओ (डिलीवरी ऑर्डर) जारी होने के बाद 10 दिनों के अंदर निर्धारित मात्रा में धान का परिवहन करना होता है। यह नहीं करने पर 11 वे दिन से मिलर पर पेनाल्टी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### शून्य सूखत पर सोसाइटियों को बोनस

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने वाली राज्य की 2 हजार 739 सोसाइटियों को सरकार बोनस देगी। यह राशि उन सोसाइटियों को मिलेगी जिनमें धान की सूखत शून्य प्रतिशत होगी। इस तरह की सोसाइटियों को पांच रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। बताया गया है कि पूर्व के वर्षों में यह व्यवस्था थी, लेकिन ▶▶| शेष पेज 6 पर

### उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ना मुश्किल

राज्य में इस बार सरकार ने धान खरीदी करने वाली सोसाइटियों के उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाने पर विचार किया था, इस संबंध में प्रारंभिक स्तर पर तैयारियां भी थी, लेकिन अब सूत्रों का कहना है कि उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ा पाना मुश्किल होगा। लिहाजा ये माना जा रहा है कि वर्ष 2025-26 में उतने ही उपार्जन केंद्र होंगे जितने पिछले साल थे। राज्य में अभी भी दूरदराज के कई इलाकों में किसानों को अपना धान बेचने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इस काम में उन्हे समय से साथ पैसा भी अधिक लगता है। इसी परेशानी के मद्देनजर सरकार की कोशिश थी कि उपार्जन केंद्रों की संख्या बढ़ाई जाए, लेकिन यह काम फिलहाल नहीं हो रहा है।

### वनाधिकार पट्टा धारियों का 100 प्रतिशत सत्यापन

*राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों में वनाधिकार पट्टाधारी किसान भी शामिल होते हैं। सरकार ने इस बार तय किया है कि वनाधिकार पट्टे वाले 100 प्रतिशत किसानों की फसलों का सत्यापन खाद्य विभाग के पीवी एप से किया जाएगा। राज्य के उन सभी जिलों में जहां वनाधिकार पट्टा वाले किसान है उनकी फसलों का सत्यापन शुरू कर दिया गया है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में भी वनाधिकार पट्टा वाले किसान हैं। इनका सत्यापन किया जा चुका है।*

भंडारपुरी धाम में गुरु दर्शन एवं संत समागम मेला, सीएम ने दिए कई सौगात

# सुशासन विभाग बनाने वाला छग देश का पहला राज्य, सीएम बोले- भ्रष्टाचारी कितना भी बड़ा आदमी हो बख्शा नहीं जाएगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/संडी बंगला

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शुक्रवार को भंडारपुरी धाम में गुरु दर्शन एवं संत समागम मेले में शामिल हुए। उन्होंने 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 कामों का भूमिपूजन किया। उन्होंने कई सौगातें दी। श्री साय ने कहा कि पीएम मोदी की हर गारंटी छग में पूरी हो रही है। यहां प्रत्येक कार्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुशासन एवं अभिसरण विभाग का गठन किया गया है। ऐसा करने वाला छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है। हमारी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार करने वाला चाहे कितना भी बड़ा व्यक्ति क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

मेले में श्री साय ने मेला स्थल पर डोम निर्माण, तेलासी-भंडारपुरी मार्ग में स्ट्रीट लाइट लगवाने तथा कुटेसर प्राथमिक विद्यालय को माध्यमिक विद्यालय में ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ऐतिहासिक विकास- साव

उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने कहा कि आज 162 करोड़ रुपए से अधिक की लागत वाले 16 विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ है, जो आरंग विधानसभा के विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ महतारी की गोद में अनेक संत-महात्मा और तपस्वी जन्मे हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 'हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे' का ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मेला एकजुटता का प्रतीक-गुरु बालदास

धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब ने कहा कि यह मेला सामाजिक सौहार्द और एकजुटता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के गुरु खुशवंत साहेब को कैबिनेट मंत्री बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया और कहा कि सतनामी समाज ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश आज विकास की राह पर अग्रसर है।

### संकल्प हो रहे साकार- डा.रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि कुतुब मीनार से भी ऊँचा जैतखाम छत्तीसगढ़ के गिरौदपुरी में है। यह किसी व्यक्ति की उपलब्धि नहीं बल्कि गुरु बाबा घासीदास की प्रेरणा का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने गरीबों के उत्थान और प्रदेश को आगे बढ़ाने का जो संकल्प लिया है, वह साकार हो रहा है। किसानों, महिलाओं, युवाओं और मजदूरों के हित में योजनाएँ बन रही हैं।


Outshine FOREVER
ORRA
1888
FINE JEWELLERY
इस करवाचौथ, अपने उत्सव रूप को दीजिए पूर्णता का निखार
इस शानदार नेकलेस सेट के साथ, कीमत है बस
₹65,000/-में
*बाकी रकम 9 एक समान मासिक किश्तों में भरें
Khushiyon Ka Utsav
पाइए 25% की छूट* डायमंड के मूल्य पर
0% ब्याज* पर EMI सुविधा पाइए
*सोने के भाव को लॉक करें, जगमगाहट को अनलॉक करें जीरो इंटरेस्ट ईएमआई के साथ.
ASN25A19 I ASE25A19
*नियम व शर्तें लागू
100% सर्टिफाइड ज्वेलरी · लाइफ़टाइम एक्सचेंज और बायबैक · 7 दिन की फ्री रिटर्न पॉलिसी · 6 महीने की अपग्रेड सुविधा · मुफ़्त इंश्योरेन्स* · लाइफ़टाइम मेन्टेनेन्स का वादा · विवाद रहित डायमंड्स · BIS हॉलमार्क्ड ज्वेलरी
ORRA Bilaspur: Shop No. 1, Chawla Square. Opp. Sai Mandir, Near Rama Magneto Mall, Chhattisgarh, Mob: +91 9967302216
ORRA Raipur: Jivan Bima Marg, Near Atal Express Way, Pandri Raipur, Chhattisgarh, +91 9967649506, 9967643082, 9967691417
HDFC BANK · FESTIVE TREATS · Up to ₹5,000 Instant Discount* with HDFC Bank Credit Cards
Validity: 20 Sep - 20 Oct 2025. T&C Apply.
Shop at www.orra.co.in | Toll free: 1800-266-1888 | 92 exclusive showrooms in 40 cities

चिंतन

# पुतिन ने ट्रंप के जख्मों पर नमक छिड़क दिया

अमेरिका लगातार भारत पर दबाव बनाने की कोशिशों में जुटा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद ऐसे फैसले ले रहे हैं, जिससे भारत के हितों को सीधा नुकसान हो। पहले अमेरिका जाने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद एचबी-1 वीजा नियमों को दुश्वर कर सीधे-सीधे भारत को प्रभावित करने का ही प्रयास था। इसके अलावा दवाओं पर टैरिफ और फिल्मों पर टैक्स लगाने के पीछे भी भारत को नुकसान पहुंचाने का ही इरादा नजर आता है, लेकिन भारत ने ट्रंप प्रशासन के हर कदम पर संतुलित टिप्पणी की। अमेरिका लगातार दबाव बना रहा है कि जब तक भारत रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा तब तक भारत पर लगे टैरिफ वापस नहीं होंगे। अब ट्रंप के इन कदमों का जवाब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिया है। उन्होंने साफ कर दिया कि भारत झुकने वाला नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी ऐसा फैसला नहीं करेंगे, जो भारत की संप्रभुता के खिलाफ हो। उन्होंने कहा कि अगर रूस के ट्रेड पार्टनर्स पर ऊंचे टैरिफ लगाए गए, तो इसका असर पूरी दुनिया की ऊर्जा कीमतों पर पड़ेगा। कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी फेडरल रिजर्व को मजबूरी में ब्याज दरें ऊंची रखनी होंगी, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था धीमी पड़ जाएगी। पुतिन केवल यही तक नहीं रुके, उन्होंने तो यहां तक कह दिया कि रूस भारत और चीन जैसे देशों का आभारी है जिन्होंने ब्रिक्स की स्थापना की। ये ऐसे देश हैं जो किसी का पक्ष नहीं लेते और सच में ऐसी दुनिया बनाने की कोशिश करते हैं, जहां सबको न्याय मिले। पुतिन का यह कथन भारत का समर्थन करने वाला तो है, साथ ही अमेरिका और ट्रंप प्रशासन को खीजाने वाला भी है। डोनाल्ड ट्रंप किसी भी कीमत पर शांति का नोबेल पुरस्कार पाना चाहते हैं। ट्रंप के पिछले कई बयानों से साफ नजर आ रहा है कि वह नोबेल प्राइज पाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। रूस और यूक्रेन की जंग भी पुतिन इसलिए शांत कराना चाहते हैं कि इसका क्रेडिट लेकर वह नोबेल पुरस्कार के लिए अपनी दावेदारी को और मजबूत कर सकें, लेकिन पुतिन ट्रंप की किसी भी शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। यूक्रेन से जंग पुतिन अपनी शर्तों पर खत्म करना चाहते हैं, लेकिन यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की इसके लिए राजी नहीं है। उधर इजराइल-फिलीस्तीन जंग रुकवाने पर हमास भी उनकी शर्तें मानने को तैयार होता नजर नहीं आ रहा। यहां भी उन्हें जोर का झटका लगता नजर आ रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने तो उनका नाम नोबेल के लिए प्रस्तावित किया है, ये दोनों युद्ध उनके सपने को चूर-चूर करते नजर आ रहे हैं। ऐसे में पुतिन के कड़वे कथन जले पर नमक छिड़कने जैसे हैं। इससे ट्रंप कुछ और कदम उठा सकते हैं, जैसे यूरोपीय देशों पर इस बात के लिए दबाव बना सकते हैं कि वे भी भारत पर टैरिफ लगाएं। इसके पीछे ट्रंप ये वजह बता सकते हैं कि रूस अब खुलकर भारत का समर्थन कर रहा है। पहले ही नाटो चीफ भारत के खिलाफ बयानबाजी कर चुके हैं। वैसे भी वो यूरोपियन देशों को पत्र लिखकर रूस के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का आग्राह कर चुके हैं। अब भारत को भी वो साथ लपेट सकते हैं। हां, पुतिन ने एक बात बिलकुल सही कही कि अमेरिका भारत जैसे देशों पर रूसी ऊर्जा न खरीदने का दबाव डालता है, जबकि खुद यूरेनियम के लिए रूस पर निर्भर है। अमेरिका ने इसका जवाब ही नहीं दिया। अब जबकि पुतिन ने कहा है तो पूरी दुनिया में संदेश जाएगा कि अमेरिका हर काम केवल और केवल अपने स्वार्थ के लिए करता है। इसके अलावा कुछ नहीं।



आर्थिकी
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

# वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी 'शटडाउन'

अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।

अमेरिका शटडाउन से गुजर रहा है, जिससे विश्वभर में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दरअसल, शटडाउन वह स्थिति है जब सरकार अपने खर्चों के लिए आवश्यक बजट पास नहीं कर पाती और उसके कई विभाग तथा सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी जाती हैं। इस दौरान केवल जरूरी सेवाएं जैसे सुरक्षा, आपातकालीन अस्पताल, और सेना चालू रहती हैं, जबकि गैर-जरूरी सरकारी कार्यालय और योजनाएं बंद हो जाती हैं। सरकारी कर्मचारी बिना वेतन के छुट्टी पर चले जाते हैं और जनता को भी कई सरकारी सुविधाओं और सेवाओं का लाभ नहीं मिलता। आमतौर पर शटडाउन राजनीतिक गतिरोध या बजट विवाद के कारण होता है और इसका प्रभाव न केवल देश की आर्थिक गतिविधियों पर पड़ता है, बल्कि आम जनता और व्यापार पर भी देखने को मिलता है। दुनिया में ऐसा अमेरिका के अलावा ब्रिटेन, कनाडा, आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी हुआ है। ये अलग बात है कि शटडाउन की स्थिति अमेरिका में बार-बार आती है, क्योंकि वहां का संघीय बजट पूरी तरह से कांग्रेस के अनुमोदन पर निर्भर करता है। अन्य देशों में ऐसी स्थिति कम होती है या इसे वित्तीय गतिरोध का नाम दिया जाता है।

अमेरिका में शटडाउन का इतिहास काफी लंबा है। पहली बार 1980 में यह स्थिति बनी थी और उसके बाद से कई बार सरकारें बंद होने के कगार पर पहुंची या वास्तविक रूप से ठप हुई हैं। वर्ष 1995-96 में राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और रिपब्लिकन पार्टी के बीच टकराव इतना गहरा गया कि 21 दिनों तक सरकारी कामकाज प्रभावित रहा। यह उस समय तक का सबसे लंबा शटडाउन था, जिसने अमेरिकी जनता को झकझोर दिया। इसके बाद 2013 में बराक ओबामा के कार्यकाल में स्वास्थ्य बीमा योजना 'ओबामाकेयर' को लेकर विवाद हुआ और 16 दिनों तक सरकारी तालेबंदी चली। फिर 2018-19 में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और विपक्ष के बीच मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण के लिए फंडिंग को लेकर विवाद इतना बढ़ा कि सरकार 35 दिनों तक बंद रही। यह अब तक का सबसे लंबा और सबसे महंगा शटडाउन साबित हुआ, जिससे न केवल अमेरिकी कर्मचारियों की जेब खाली हुई, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था भी हिल गई थी। शटडाउन केवल बजट का संकट नहीं है, बल्कि अमेरिकी राजनीति की खींचतान और समझौते की विफलता का प्रतीक है। 2018-19 के शटडाउन में आठ लाख से अधिक कर्मचारियों पर सीधा असर पड़ा था। इस बार अमेरिका में संघीय सरकार का शटडाउन 1 अक्टूबर, 2025 को सुबह 12:01 बजे शुरू हुआ। यह शटडाउन कांग्रेस में बजट को लेकर रिपब्लिकन और डेमोक्रेट्स के बीच जारी गतिरोध के कारण हुआ। रिपब्लिकन ने स्वास्थ्य बीमा सब्सिडी में कटौती और विदेशी सहायता में कमी की योजना बनाई थी, जबकि डेमोक्रेट्स ने इन प्रस्तावों का विरोध किया। इस राजनीतिक असहमति के कारण सरकार का बजट पास नहीं हो सका, जिससे शटडाउन की स्थिति उत्पन्न हुई। इसके परिणामस्वरूप लगभग 800,000 संघीय कर्मचारी अस्थायी रूप से छुट्टी पर भेजे गए, जबकि 700,000 से अधिक कर्मचारी बिना वेतन के काम कर रहे हैं। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, यह शटडाउन अमेरिकी अर्थव्यवस्था को प्रति सप्ताह $7 से $15 बिलियन का



नुकसान पहुंचा सकता है, जिसमें जीडीपी में 0.1% की गिरावट और 43,000 अतिरिक्त बेरोजगार शामिल हैं। यदि यह शटडाउन लंबा चलता है, तो यह उपभोक्ता खर्च, निवेशक विश्वास और नीति निर्माण पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकता है। इस तरह के शटडाउन का असर केवल अमेरिकी समाज तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसके दूरगामी परिणाम होते हैं। सबसे पहले तो वहां के कर्मचारी और आम लोग प्रभावित होते हैं, जहां लाखों परिवारों का मासिक बजट डगमगा जाता है। कई छोटे व्यवसाय, जो सरकारी अनुबंधों पर निर्भर हैं, दिवालिया होने की स्थिति में पहुंच जाते हैं और नागरिक सुविधाएं ठप हो जाती हैं। शिक्षा और अनुसंधान जैसे क्षेत्र बुरी तरह बाधित होते हैं, नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के मिशन स्थगित हो जाते हैं तथा पासपोर्ट और वीज़ा सेवाएं रुकने से विदेश यात्रा पर असर पड़ता है। जैसे-जैसे शटडाउन लंबा चलता है, अमेरिका की जीडीपी पर नकारात्मक असर बढ़ने लगता है। अमेरिकी कांग्रेस की बजट ऑफिस के आंकड़े बताते हैं कि 2019 के शटडाउन में ही देश को लगभग 11 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ था। विदेशी निवेशक असमंजस में रहते हैं और वॉल स्ट्रीट में गिरावट या उतार-चढ़ाव बढ़ जाता है। आर्थिक विश्लेषकों का मानना है कि अगर शटडाउन तीन सप्ताह से अधिक चलता है, तो यह तिमाही जीडीपी वृद्धि दर को आधा प्रतिशत तक घटा सकता है, लेकिन यह प्रभाव केवल अमेरिकी अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रहता। अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और आयात-निर्यात का प्रमुख केंद्र है। वहां का संकट वैश्विक बाजार को झकझोर देता है। जब अमेरिकी शेयर बाजार नीचे जाता है, तो उसकी गूंज यूरोप और एशिया तक सुनाई देती है। डॉलर की अस्थिरता अन्य मुद्राओं को भी प्रभावित करती है। तेल के दामों पर असर पड़ता है, क्योंकि अमेरिका सबसे बड़ा उपभोक्ता है। विकासशील देशों में आईटी, निर्यात और सेवा क्षेत्र अमेरिका पर निर्भर रहते हैं। भारत की आईटी कंपनियां, जो अमेरिकी अनुबंधों पर आधारित हैं, भुगतान और परियोजनाओं में देरी से प्रभावित होती हैं। इसके अलावा, वीज़ा और इमिग्रेशन सेवाओं के ठप होने से छात्रों और पेशेवरों को परेशानी झेलनी पड़ती है। विदेशी निवेश की रफ्तार भी धीमी हो जाती है। भारत जैसे देश के लिए यह स्थिति इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि यहां का बड़ा आईटी उद्योग अमेरिकी कंपनियों से जुड़ा हुआ है। जब अमेरिका में शटडाउन होता है, तो सरकारी अनुबंधों पर काम करने वाली भारतीय कंपनियों को भुगतान मिलने में देर होती है। यही कारण है कि भारत की अर्थव्यवस्था भी परोक्ष रूप से इस संकट से प्रभावित होती है। जब अमेरिका आंतरिक संकट में उलझता है, तो उसकी वैश्विक सक्रियता घट जाती है। शटडाउन से बचने के उपायों पर लगातार चर्चा होती रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिका को अपनी बजट प्रक्रिया में सुधार करना चाहिए और अस्थायी फंडिंग के बेहतर इंतजाम करने चाहिए, ताकि गैर-जरूरी सेवाएं भी रुकें नहीं। इस पूरे परिदृश्य से यही संदेश मिलता है कि शटडाउन अमेरिकी लोकतंत्र का वह चेहरा है, जहां राजनीति और प्रशासन आमने-सामने आ जाते हैं और जनता के हित पीछे छूट जाते हैं। अस्थायी समझौते निकल भी जाएं, लेकिन समस्या की जड़ तब तक बनी रहती है, जब तक कि राजनीतिक इच्छाशक्ति मजबूत नहीं होगी। अमेरिका वैश्विक नेतृत्व करता है, इसलिए वहां का संकट दुनिया की अर्थव्यवस्था और राजनीति दोनों को प्रभावित करता है। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और आर्थिक अस्थिरता जैसी चुनौतियों से जूझ रही है, तब अमेरिका का शटडाउन केवल उसकी आंतरिक समस्या नहीं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय बन जाता है।

(लेखक शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सलाह
डॉ. मोनिका शर्मा



# मैट्रिमोनियल साइट्स पर सजगता आवश्यक

हाल ही में बिलासपुर में एक उनतीस वर्षीय इंजीनियर ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। यह घटना वैवाहिक रिश्ते जोड़ने वाली साइट्स पर सतर्कता बरतने की चेतावनी देती है। आत्महत्या करने वाले युवा के पास मिले सुसाइड नोट में लिखा था कि उसे प्यार में धोखा मिला। झूठे दुष्कर्म के मामले ने उसके जीवन को बिखेर दिया। ध्यातव्य है कि मैट्रिमोनियल साइट शादी डॉट कॉम के जरिए दिल्ली की एक युवती से पहचान के बाद दोनों में करीबी रिश्ता बना था। नजदीकियां बढ़ने के बाद अचानक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर केस दर्ज करा दिया था। दुष्कर्म के मामले में युवक को जेल जाना पड़ा। जमानत पर छूटने के बाद से ही वह गहरे तनाव में था। परिचितों के अनुसार जमानत के बाद से ही मिलनसार और सहज व्यक्तित्व वाले इस युवा को मानसिक रूप से बेहद परेशान, उदास और अकेलेपन के घेरे में देखा।


ऐसे में सम्बन्धों के जुड़ने या टूटने के दौर में मानसिक उलझनों के घेरे से लेकर झूठे आरोपों के जाल तक, यह मामला सतर्क रहने की बात लिए है। वस्तुतः, मैट्रिमोनियल साइट्स पर धोखाधड़ी, शोषण और झूठी पहचान के मामले आए दिन सामने आते रहते हैं। पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी ठगी का शिकार बनती हैं। बीते दिनों पुणे में पच्चीस वर्षीय महिला डॉक्टर ने भी शादी का झूठा वादा करने वाले व्यक्ति के झांसे में आकर आत्महत्या की थी। ज्ञात हो कि पहले से शादीशुदा आरोपी ने जीवनसाथी डॉट कॉम पर खुद को अविवाहित बताकर अपनी प्रोफाइल बनाई और महिला के साथ संबंध बनाए। साथ ही झूठे झांसे में लेकर उससे 10 लाख रुपये भी ऐंठ लिए। मैट्रिमोनियल साइट्स पर युवतियों के साथ झूठी पहचान बताकर शोषण और पुरुषों के साथ ठगी एवं झूठे मामले दर्ज करवाने के वाकये इन साइट्स पर होने वाली जालसाजी को स्पष्ट रूप से सामने रखते हैं। कई लोग तो छल-कपट कर शादी तक कर लेते हैं। हाल ही में दिल्ली उच्च न्यायालय ने भी एक महत्वपूर्ण निर्णय में कहा है कि मैट्रिमोनियल साइट पर जानबूझकर वैवाहिक स्थिति को गलत तरीके से पेश करना शादी को रद्द करने का एक वैध आधार है। इस मामले में एक महिला की याचिका में कहा गया था कि पति ने मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर 'कभी विवाहित नहीं' बताकर न केवल अपने पहले विवाह की बात छिपाई बल्कि अपनी कमाई भी बढ़ा-चढ़ाकर बताकर धोखाधड़ी की। विवाह को रद्द करते हुए न्यायालय ने कहा कि किसी की मैरिटल हिस्ट्री को जानबूझकर गलत तरीके से प्रस्तुत करना कोई मामूली चूक नहीं है, बल्कि विवाह की जड़ तक पहुंचने वाले तथ्यों को स्पष्ट रूप से छिपाना है।' बीते कुछ वर्षों में बिखरती सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग मैट्रिमोनियल साइट्स के माध्यम से जीवनसाथी की तलाश करने लगे हैं। परिचित सगे-संबंधियों से अलग ऑनलाइन वेबसाइट या ऐप रूपी वैवाहिक साइट्स पर अनजाने चेहरों के लिए सच छिपाना आसान होता है। इसी के चलते वर्चुअल संसार में झूठी घोषणाएं कर ख़ूब जालसाजी की जाती हैं। इतना ही नहीं, बहुत से मैट्रिमोनियल साइट्स डेटिंग एप्स भर बनकर रह गए हैं।

कई युवक-युवतियां इरादतन दूसरों को गुमराह करने के लिए ही अपनी प्रोफाइल बनाते हैं। विवाह जैसे संवेदनशील मामले में भावनात्मक मोर्चे पर भी लोगों के साथ खूब फरेब किया जाता है। कुछ समय पहले पुणे की एक उच्च शिक्षित युवती से शादी के नाम पर 3.16 करोड़ रुपये की ठगी की गई। मैट्रिमोनियल साइट पर पहचान होने के बाद आरोपी ने खुद को विदेश की नामी कंपनी का सीईओ बताया और व्हाट्सएप कॉल्स के माध्यम से नजदीकियां बढ़ाईं। युवती द्वारा शादी का फैसला किए जाने के बाद भरोसे का फायदा उठाकर बीमारी और कर्ज चुकाने के नाम पर रुपए ऐंठने की यह जालसाजी की। असल में वैवाहिक संबंध जोड़ने वाले हर प्लेटफॉर्म पर जीवनसाथी ढूंढते हुए सजग रहना बेहद आवश्यक है।

इन वर्चुअल मंचों पर मौजूद हर प्रोफाइल विश्वसनीय नहीं होती। आरोप-प्रत्यारोप के खेल से बचने के युवक-युवतियां अपने परिजनों को भी मैट्रिमोनियल साइट्स पर किसी के साथ हो रही बातचीत की जानकरी दें। इतना ही नहीं, बात आगे बढ़ने पर व्यक्तिगत रूप मिलने के दौरान भी अपनों का साथ आवश्यक है। वैवाहिक सम्बन्धों के मामले में स्वजनों का साथ न केवल सुरक्षा, संबल और सही सलाह के लिए बल्कि किसी तरह की जालसाजी से बचने के लिए भी जरूरी है।

(लेखिका प्रसिद्ध स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
दर्शन

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम्। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

अंतर्मन




## आज की पाती

### महात्मा गांधी जी के आदर्श

राजनेताओं और अन्य लोगों ने विभिन्न तरीकों से गांधी जयंती मनाई और दूसरों को नसीहत देते हुए कहा कि हमें गांधी की शिक्षाओं को अपनी जिंदगी में अपनाना चाहिए। लेकिन इनमें से ही कई राजनेता और अन्य लोग गांधी जी की राह पर नहीं चलते होंगे। महात्मा गांधी सभी पंथों का सम्मान करते थे, तभी तो कहते थे कि 'ईश्वर अल्लाह तेरे नाम, सबको सन्मति दे भगवान।' उन्होंने हर धर्म, जाति को आपस में जोडने का काम किया था। लेकिन फिर भी महात्मा गांधी ने राष्ट्रवाद पर जोर दिया था। उन्होंने कहा था कि राष्ट्रवादी होना गर्व की बात है। उनके अनुसार राष्ट्रवादी हमेशा जात, धर्म और नस्ली भेदभाव से ऊपर की सोच रखता है। हमारे देश में बुराइयों की मुख्य वजह हमारा स्वार्थ भी है। - प्रकाश पटेल, धमतरी

ट्रेंड

### स्वदेशी तकनीक

तेजस लड़ाकू विमान हो, आकाश मिसाइल हो, अर्जुन टैंक हो या प्रचंड हेलीकॉप्टर- हमारी सेनाओं की ताकत स्वदेशी तकनीक से निरंतर बढ़ रही है। भारत अब रक्षा निर्यात में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। आज भारत विश्व का उभरता हुआ हथियार सप्लायर बन रहा है।

- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री



### मेरी संवेदनाएं

भोपाल, मध्यप्रदेश में प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों की मृत्यु, जिनमें अधिकतर बच्चे हैं, अत्यंत हृदयविदारक है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिजनों के साथ हैं।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### दिल्ली को कूड़े से आज़ादी

'दिल्ली को कूड़े से आज़ादी' अभियान ने हमें यह सिखाया है कि स्वच्छता सिर्फ कचरा हटाने का काम नहीं, बल्कि हमारी सोच, हमारी संस्कृति और जिम्मेदारी का हिस्सा है। दिल्ली की यह जागृति ही आगे विकसित भारत का मार्ग बनेगी।

- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली



### भाजपा सरकार नाकाम

आगरा में मूर्ति विसर्जन जैसे पावन अवसर पर एक बार फिर से सरकारी व्यवस्था की कमी की वजह से कई लोगों को अपनी जान गँवानी पड़ी है। बड़े आयोजनों से इंतज़ाम करने में भाजपा सरकार हमेशा नाकाम क्यों रहती है।

- अखिलेश यादव, सांसद, सपा



करंट अफेयर

## लंदन में गांधीजी की विरूपित प्रतिमा फिर से हुई पूर्व जैसी

लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के चबूतरे को कुछ दिन पहले नुकसान पहुंचाये जाने के बाद, गुरुवार को गांधी जयंती पर वार्षिक समारोह के आयोजन से ठीक पहले फिर से पूर्व जैसा कर दिया गया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने कहा कि प्रतिमा को विरूपित करने के बाद स्थानीय समुदाय का एकजुट होना, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के समय एक प्रेरणादायक संदेश का प्रतीक है। इस घटना की सूचना रविवार शाम मेट्रोपोलिटन पुलिस को दी गई थी। दोरईस्वामी के साथ, 50 वर्ष पहले इस प्रतिमा की स्थापना में सहयोग करने वाले 'इंडिया लीग' के सदस्य तथा स्थानीय कैमडेन काउंसिल के मेयर भी थे जो इस स्मारक की देखभाल करते हैं। दोरईस्वामी ने कहा, ''यह कार्यक्रम आज होना खास तौर पर इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस है, जो गांधी जयंती भी है। साथ ही, कुछ दिन पहले प्रतिमा और उसके चबूतरे के साथ जो कुछ किया गया, वह भी इसका कारण है।'' उन्होंने कहा, /"यह विशेष रूप से दुखद है, क्योंकि यह प्रतिमा इस स्थान पर 50 वर्षों से अधिक समय से है और यह भारत-ब्रिटेन मैत्री का हिस्सा रही है।/"



ऑफ बीट

## हमें युवाओं को एआई युग में देखना सिखाना होगा

बच्चे शब्दों को दृश्यों के साथ जोड़ना, अमूर्त अवधारणाओं को व्यक्त करना, और यह पहचानना सीखते हैं कि विभिन्न स्थितियों में चित्र, प्रतीक और डिज़ाइन कैसे अर्थ रखते हैं। लेकिन जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), एक ऐसा सॉफ्टवेयर है जो उपयोगकर्ता के संकेतों के आधार पर सामग्री बनाता है। जेनरेटिव एआई अब इन मूलभूत कौशलों को नया रूप दे रहा है। एआई लोगों के टेक्स्ट और चित्र दोनों को बनाने, संपादित करने और प्रस्तुत करने के तरीके को बदल रहा है। दूसरे शब्दों में, यह हमारे देखने के तरीके को बदलता है - और यह भी कि हम कैसे तय करते हैं कि क्या वास्तविक है। उदाहरण के लिए, तस्वीरों को पहले वास्तविकता का "दर्पण" माना जाता था। अब अधिक से अधिक लोग इन्हें एक "निर्मित" यथार्थ के रूप में देख रहे हैं। इसी तरह, जनरेटिव एआई ने छवियों की प्रामाणिकता को लेकर लंबे समय से चली आ रही धारणाओं को चुनौती दी है। ऐसी एआई निर्मित तस्वीरें फोटोरियलिस्टिक लग सकती हैं, लेकिन वे घटनाएँ या वस्तुएँ वास्तव में अस्तित्व में नहीं होतीं। जर्नल ऑफ विज़ुअल लिटरेसी में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने एआई आधारित छवि निर्माण की प्रक्रिया के विभिन्न चरणों में आवश्यक प्रमुख साक्षरताओं की पहचान की है — एआई टूल के चयन से लेकर सामग्री निर्माण और परिष्करण तक।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

**बिलासपुर**
शनिवार 4 अक्टूबर 2025
आश्विन शुक्ल पक्ष द्वादशी
वर्ष : 25, अंक : 192
पृष्ठ : 12+6 = 18 मूल्य : 4.00***

**मौसम**
अधि. 27.9
न्यून. 24.0

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


7 ➤ 69 रन पर सिमटी साउथ अफ्रीका ...

विचार पेज
वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी 'शटडाउन'




# स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन होंगे प्ले स्कूल, कमेटी बना रही एक्ट, गुजरात-मप्र का अध्ययन

## कैबिनेट की मंजूरी के बाद लागू हो जाएगा नियम, देश के 2 राज्यों में ही है प्ले स्कूल एक्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के प्ले स्कूल अब जल्द ही कायदे-कानून से बंधे होंगे। इन्हें स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत लाने की तैयारी चल रही है। प्ले स्कूल एक्ट के लिए विशेष कमेटी बनाई गई है, जो इससे संबंधित नियम तैयार कर रही है। यह अभी शुरुआती चरण में ही है, इसलिए इसे अंतिम रूप देने में कुछ माह का समय संभावित है। पूरे देश में केवल दो ही राज्य ऐसे हैं, जहां प्ले स्कूल के लिए स्पेशल एक्ट बने हुए हैं। इनमें गुजरात और मध्यप्रदेश शामिल हैं। प्ले स्कूल के लिए नियम बना रही कमेटी इन राज्यों के नियमों का भी अध्ययन कर रही है ताकि वहां के गुण-लाभ के आधार पर छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर कानून बनाए जा सकें। एक्ट को अंतिम रूप देने के बाद इसे शासन को भेजा जाएगा। कैबिनेट की अनुमति मिलने के बाद इसे लागू कर दिया जाएगा।

प्ले स्कूल के अधीन नर्सरी कक्षा के पूर्व संचालित होने वाली कक्षाएं आती हैं, जहां छोटे बच्चों को खेल-खेल में अक्षर ज्ञान दिया जाता है। वर्तमान में प्ले स्कूल के संचालन के लिए कोई नियम नहीं है और ना ही किसी विभाग से मान्यता की ही आवश्यकता पड़ती है। एक्ट लागू होने के बाद प्ले स्कूलों के संचालन के लिए भी विधिवत मान्यता लेनी होगी और संचालन संबंधित शर्तों को पूर्ण करना होगा। एक्ट लागू होने के साथ ही छग देश का तीसरा राज्य बन जाएगा, जहां प्ले स्कूल के लिए शासन के अधीन आएंगे।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

### महिला एवं बाल विकास के अधीन नहीं

पूर्व में यह प्ले स्कूल को महिला एवं बाल विकास के अधीन रखने पर भी विचार चल रहा था, लेकिन पेचिदगियों को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन ही रखने का निर्णय लिया गया। दरअसल, कई स्कूल ऐसे हैं जो प्ले स्कूल के साथ ही आगे की कक्षाओं का संचालन करते हैं। महिला एवं बाल विकास को प्ले स्कूल का दायित्व दिए जाने की स्थिति में एक ही कैंपस में दो विभागों के नियम लागू होते। एक ही कैंपस के लिए दो विभाग द्वारा मान्यता दी जाती। तकनीकी पेचदगियों को देखते हुए इसे महिला एवं बाल विकास के अधीन ना करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग के अधीन ही रखने का ▶▶ शेष पेज 6 पर



### ऑन रिकॉर्ड संख्या नहीं

चूंकि प्ले स्कूल के लिए आवेदन या मान्यता की कोई प्रक्रिया नहीं है, इसलिए ऑन रिकॉर्ड इनकी संख्या उपलब्ध नहीं है। एक अनुमान के मुताबिक, प्रदेशभर में 3 हजार प्ले स्कूल हैं। इनमें से 800 अकेले रायपुर में ही है।

- **राजीव गुप्ता**, अध्यक्ष, निजी स्कूल संघ

## खबर संक्षेप

### राजनीतिक दलों संग चुनाव आयोग की बैठक आज




**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के साथ विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक चार अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार यह बैठक पटना के होटल ताज में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी।

### आईएसआई एजेंट गिरफ्तार दो हथगोले बरामद

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एजेंट के कथित संपर्क में रहने वाले एक व्यक्ति को पंजाब में गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से दो हथगोले बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस डीजीपी गौरव यादव ने कहा अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने तरनतारन निवासी रविंदर सिंह उर्फ रवि को गिरफ्तार किया और उसके पास से दो हथगोले बरामद किए। यादव ने कहा, ''पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच जारी है।''

### मणिपुर, नगालैंड व अरुणाचल में 6 माह फिर बढ़ा अफ्सफा

**नई दिल्ली।** मणिपुर समेत उत्तर पूर्वी भारत के कई राज्यों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम को 6 महीने के अतिरिक्त समय के लिए बढ़ा दिया गया है। इस लिस्ट में नागालैंड और अरूणाचल प्रदेश का नाम भी शामिल है। गृह मंत्रालय ने इस पर नोटिस जारी करते हुए बताया कि उत्तर पूर्वी राज्यों के अशांत" इलाकों में अफ्सफा लागू रहेगा। इस लिस्ट में नागालैंड के 9 जिलों समेत 5 जिलों के 21 पुलिस स्टेशन मौजूद हैं।



### सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी की चेतावनी, वायुसेना प्रमुख बोले- ऑपरेशन सिंदूर में मार गिराए पाक के कई फाइटर विमान

# पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो नहीं तो नक्शे से मिटा देंगे नामोनिशान, अब नहीं बरता जाएगा संयम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान में एक सैन्य कार्यक्रम में जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारतीय सेना इस बार कोई संयम नहीं दिखाएगी। वहीं आज ही वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के 8-10 विमान मार गिराए थे। इनमें अमेरिका में बने एफ-16 और चीन में बने जेएफ-17 भी शामिल हैं। गौरतलब है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। भारत ने रात में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। भारत ने न सिर्फ ये हमले रोके, बल्कि इसका मुंहतोड़ जवाब भी दिया। 10 मई को दोनों देशों के बीच युद्धविराम हो गया।

*सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि उसे राज्य प्रायोजित आतंकवाद बंद करना होगा वरना उसका ऐतिहासिक और भौगोलिक अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। अगर पाकिस्तान को नक्शे पर अपनी जगह बनाए रखनी है, तो उसे राज्य प्रायोजित आतंकवाद बंद करना ही पड़ेगा। वहीं वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 8-10 फाइटर जे मार गिराए थे।*





### अब उकसाया तो रहम नहीं खाएंगे : जनरल द्विवेदी

जनरल द्विवेदी ने कहा कि अगर भारत को दोबारा उकसाया गया तो 'ऑपरेशन सिंदूर' की तरह कोई संयम नहीं दिखाया जाएगा। इस बार हम ऑपरेशन सिंदूर 1.0 जैसा संयम नहीं रखेंगे। इस बार हम कुछ ऐसा करेंगे, जिससे पाकिस्तान को सोचना पड़ेगा कि वह भूगोल में अपनी जगह बनाए रखना चाहता है या नहीं।

### 300 किमी. अंदर तक घुसकर किया हमला : वायुसेना प्रमुख

आज ही वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान के 8-10 विमान मार गिराए थे। इनमें अमेरिका में बने एफ-16 और चीन में बने जेएफ-17 भी शामिल हैं। लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें बेहद निर्णायक रहीं। उन्होंने कहा, हमने उनकी सीमा में सबसे ज्यादा अंदरूनी हमला 300 किलोमीटर घुसकर किया। यह ऑपरेशन इतिहास में भारत द्वारा की गई सबसे लंबी मारक कार्रवाई के रूप में दर्ज होगा।

### ऑपरेशन अचूक, अभेद्य और सटीक रहा

वायुसेना प्रमुख ने थलसेना, नौसेना और वायुसेना को संयुक्त रूप से हमले की योजना बनाने और उसे अंजाम देने का श्रेय दिया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में हम अचूक, अभेद्य और सटीक साबित हुए। तीनों सेनाओं का एक साथ विलय हो जाने और वायु रक्षा उपकरण, काउंटर यूएवी उपकरण और वायुसेना के कमांड और नियंत्रण केंद्र के एक संयुक्त नियंत्रण में काम करने से बड़ा बदलाव आया। इससे उन्हें (पाकिस्तान को) कुछ भी करने की लगभग कोई आजादी नहीं मिली। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 7 मई की रात 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। भारत ने रात में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर हवाई हमले किए थे। इसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

# जनजातीय गौरव दिवस इस बार सरगुजा में, आएंगी राष्ट्रपति तीन दिनों में कई कार्यक्रम

### राष्ट्रपति को आमंत्रित करने 6 को साय करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस इस बार 15 नवंबर को सरगुजा( अंबिकापुर) में मनाया जाएगा। खास बात ये है कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को आमंत्रित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस सिलसिले में 5 तारीख को दिल्ली जाएंगे। वे 6 तारीख को राष्ट्रपति से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रित करेंगे। इसी दौरे के दौरान मुख्यमंत्री उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से भी मुलाकात करेंगे। उन्हें 1 नवंबर से शुरु हो रहे राज्योत्सव के समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित करेंगे।

राज्य सरकार राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस को लेकर एक बड़ा कार्यकम करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम के लिए देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित करने 6 अक्टूबर को मिलने का समय मांगा है।



### विभाग ने शुरु की तैयारियां

जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन के लिए आदिम जाति विकास विभाग ने तैयारियां शुरु कर दी हैं। विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि वोरा ने कहा है कि अंबिकापुर में कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश मिले हैं, निर्देशानुसार तैयारियां की जा रही हैं।

### तीन दिनी समारोह में कई कार्यक्रम होंगे

बताया गया है कि जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन तीन दिनों का होगा। यह आयोजन 14 से 16 नवंबर तक चलेगा। इस दौरान होने वाले कार्यक्रमों की जो रूपरेखा तैयार की गई है उसके मुताबिक कार्यक्रम के दौरान बैगा-गुनिया हथजोड़ सम्मान निधि की शुरुआत होगी। शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति लोककला महोत्सव( डांस फेस्टिवल) और कर्मा महोत्सव का समापन भी होगा।

**भारी बारिश से गांव में जन-जीवन हुआ अस्त-व्यस्त**

# खाट के सहारे गर्भवती को उफनती नदी कराया पार, इधर, छह घंटे बाद टापू में फंसे रहे बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर, मैनपुर/कुरुद

हरिभूमि सरोकार

भारी बारिश के प्रदेश के कई हिस्से प्रभावित हुए हैं। नदी नाले पूरे उफान पर है और ग्रामीण क्षेत्रों का जनसंपर्क नदी नालों में बाढ़ के कारण टूट गया है। शुक्रवार को गरियाबंद के मैनपुर में एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर खाट में बिठाकर परिजन और ग्रामीणों ने उफनती नदी को पार कराकर मीलों पैदल चलने के बाद उन्हे अस्पताल तक पहुंचाया। वहीं, धमतरी के कुरुद में एक बुजुर्ग अचानक जल स्तर बढ़ने से टापू में फंस गया था, जिसे प्रशासन ने छह घंटे बाद सुरक्षित रेस्क्यू किया है। ▶▶ शेष पेज 6 पर



### गंगरेल खतरे के निशान पर, आठ गेट खुले

धमतरी सहित आसपास के जिलों में दो दिनों से बारिश हो रही है। कैचमेंट एरिया से पानी की आवक बढ़ने से गंगरेल बांध में पानी खतरे के निशान को छूने लगा है। रात में गंगरेल बांध में पानी की आवक 27000 क्यूक से अधिक हो गई थी। शुक्रवार सुबह 7 से 8 बजे 27500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। शाम 6 बजे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अचानक बढ़ गया जल स्तर

धमतरी में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते गंगरेल बांध के 6 गेट खोले गए हैं। बांध के गेट खुलने से महानदी का जलस्तर बढ़ गया है और क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस दौरान कुरुद थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग टापू पर फंस गया जिसे करीब 6 ▶▶ शेष पेज 6 पर

### राज्य के 27 स्थानों पर 50 से 100 मिमी. तक बरसा पानी

**रायपुर।** प्रदेश में बारिश की गतिविधि थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के 27 स्थानों पर 50 से 100 मिमी. तक भारी बरसात हुई है। रेनी सीजन समाप्त होने के तीन दिन बाद प्रदेश में 31 मिमी. पानी गिरा जो औसत 10 का तिगुना है। आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से वर्षा में कमी आएगी, मगर इसकी संभावना खत्म नहीं हुई, क्योंकि मानसून की रवानगी का माहौल अभी बना नहीं है। मौसम विभाग द्वारा दक्षिण-पश्चिम मानसून की देश से वापसी की घोषणा काफी समय पहले कर दी गई थी। इसके लौटने की रफ्तार काफी धीमी है और जिन ▶▶ शेष पेज 6 पर




# विधायक और उनके साथी पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

जिले की राजनीति और सहकारी तंत्र को हिलाकर रख देने वाला एक बड़ा मामला सामने आया है। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक बालेश्वर साहू और उनके सहयोगी पर थाना चांपा में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है। मामला उस समय का है जब बालेश्वर साहू सेवा सहकारी समिति बम्हनीडीह में प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे।



इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरसवानी निवासी राजकुमार शर्मा ने पुलिस मे शिकायत दी थी, कि वर्ष 2015 से 2020 के बीच बम्हनीडीह सेवा सहकारी समिति के तत्कालीन प्रबंधक ने उसकी 50 एकड़ जमीन के नाम पर किसान क्रेडिट कार्ड लोन लेने की सलाह दी। इसके बाद एचडीएफसी बैंक चांपा में खाता खुलवाया। इसी दौरान तत्कालीन शाखा प्रबंधक आरोपी बालेश्वर साहू और उसके साथी गौतम राठौर ने प्रार्थी से ब्लैंक ▶▶ शेष पेज 6 पर

### कुछ बदलाव के लिए 30 सितंबर 2028 तक बढ़ा चार्ज

# अब आधार कार्ड अपडेट कराना हुआ महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आधार कार्ड अपडेट कराना अब महंगा होगा, क्योंकि 1 अक्टूबर 2025 से यूआईडीए ने चार्ज में बदलाव किया है। यूआईडीएआई ने आधार संबंधी सर्विसेज का ये चार्ज 1 अक्टूबर 2025 से लागू कर दिया है और 30 सितंबर 2028 तक रहेगा। नए रेट का दूसरा स्टेप 1 अक्टूबर, 2028 से 30 सितंबर, 2031 तक लागू होंगे। नई दरों के अनुसार, नया आधार बनवाना सभी के लिए फ्री रहेगा, लेकिन ▶▶ शेष पेज 6 पर



### आधार एनरोलमेंट चार्ज

आधार होम एनरोलमेंट चार्ज का लाभ उठाने के लिए चार्ज 700 रुपये जीएसटी के साथ तय किया गया है। यह अमाउंट डेमोग्राफिक डाटा या बायोमेट्रिक अपडेट के लिए लागू नियमित चार्ज के अतिरिक्त है।

### रिवाइज्ड बॉयोमैट्रिक चार्ज, बच्चों के लिए मुफ्त

अगर कोई व्यक्ति नामांकित बायोमेट्रिक्स जैसे फिंगरप्रिंट, आईरिस और फोटो को अपडेट करना चाहता है, तो अलग-अलग तरह के चार्ज लागू होंगे। अगर 5 से 7 साल की आयु में एक बार किया जाता है तो यह फ्री होगा। इसी तरह अगर 15 से 17 साल की आयु में नाबालिग द्वारा ये अपडेट किया जाता है तो यह भी मुफ्त होगा। अन्य सभी मामलों में 125 रुपये का चार्ज लागू होगा।

### इन सेवाओं के लिए बढ़ गया चार्ज

जिन सेवाओं की लागत 50 रुपये थी, उनकी कीमत बढ़ाकर 75 रुपये कर दी गई है। वहीं 100 रुपये की लागत वाली सेवाओं के लिए 125 रुपये का शुल्क लिया जाएगा। सेवाओं के लिए 75 रुपये का शुल्क बढ़ाकर 90 रुपये कर दिया गया है। वहीं 125 रुपये का भुगतान करने के बाद उपलब्ध सेवाओं की कीमत दूसरे चरण में 150 रुपये होगी, जो 1 अक्टूबर 2028 से शुरू होगी।


रेलवे स्टेशन में सामान चढ़ाने व उतारने यात्रियों की बढ़ीं मुश्किलें

# स्टेशन में तीन एस्केलेटर, इनमें दो बंद, बिगड़ रही यात्रियों की सेहत, बुजुर्गों को खासी दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए लगाए गए तीन एस्केलेटर में से दो तकनीकी खराबी के कारण बंद पड़े हैं। इसका सीधा असर यात्रियों की सुविधा और सेहत पर पड़ रहा है। खासकर भारी सामान के साथ आने-जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्टेशन में जब भीड़ अधिक होती है, यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है। हरिभूमि ने गुरुवार को स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा किया, जिसमें कई यात्री एस्केलेटर के बंद होने से परेशान मिले।

गुढ़ियारी की ओर स्टेशन प्रवेश द्वार पर लगा एस्केलेटर लगातार तकनीकी समस्याओं से जूझ रहा है। हर महीने इसमें खराबी आती है और उसे ठीक करने में कई दिन लग जाते हैं। वहीं प्लेटफार्म की ओर जाने वाला दूसरा एस्केलेटर सिर्फ एक ओर से चालू है, जबकि दूसरी ओर का हिस्सा बंद पड़ा है।



## दबाव के वजह से एस्केलेटर बार-बार हो रहा बंद

स्केलेटरों के बार-बार खराब होने के पीछे एक मुख्य कारण यात्रियों की अत्यधिक भीड़ और दबाव बताया जा रहा है। नवरात्रि के दौरान स्टेशन पर यात्रियों की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ, जिससे एस्केलेटर पर अधिक भार पड़ा और मशीनों में तकनीकी गड़बड़ी आ गई।

## खराबी के बाद मरम्मत में भी देर

हर बार खराबी के बाद मरम्मत में देरी होने से यात्रियों को बार-बार असुविधा झेलनी पड़ रही है। साथ ही यात्रियों को एस्केलेटर चालू है या बंद, इसकी जानकारी पहले से नहीं मिलती, जिससे और परेशानी होती है। यदि कोई यात्री एक नंबर प्लेटफॉर्म से बाहर निकलने के लिए एस्केलेटर का उपयोग करना चाहता है, तो ऊपर जाने वाला एस्केलेटर अक्सर खराब हालत में मिलता है, जिससे भारी सामान के साथ बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

## स्टेशन में लिफ्ट शुरू

स्टेशन में कई दिनों तक बंद रही लिफ्ट को अब फिर से यात्रियों के लिए शुरू कर दिया गया है। हालांकि, एस्केलेटर की तरह लिफ्ट में भी तकनीकी दिक्कतें हर महीने आती रहती है। लिफ्ट में जब अत्यधिक भार पड़ता है, तो मशीन में गड़बड़ी आ जाती है। कुछ मामलों में यह जल्दी ठीक हो जाती है, लेकिन कई बार स्थिति ऐसी हो जाती है कि टेक्नीशियन को बुलाना पड़ता है। पिछले कुछ दिनों से लिफ्ट के सामने बैरिकेड्स लगाकर इसे बंद कर दिया गया था।

## कांग्रेस का आरोप- जेम पोर्टल पर हो रहा भ्रष्टाचार

रायपुर । जेम पोर्टल की खरीदी की गड़बड़ियों की जांच की घोषणा बताती है कि सरकार भी मान रही इसमें भ्रष्टाचार हो रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, जेम पोर्टल से की गई सभी खरीदी की जांच होनी चाहिए। कांग्रेस सरकार के समय सीएसआईडीसी के माध्यम से हो रही खरीदी को भाजपा सरकार बनने के बाद इसीलिए बंद किया गया था, ताकि भ्रष्टाचार किया जा सके। राज्य के बाहर के सप्लायरों से कमीशन लेकर खरीदी की जाय। जेम पोर्टल के माध्यम से अब तक जितनी खरीदी हुई है, इस पूरी खरीदी की जांच की जानी चाहिये।

**शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् लोक शिक्षण संचालनालय**
**ब्लॉक-सी, प्रथम तल, इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर, छत्तीसगढ़**
**फेक्स नं. 0771-242521, दूरभाष क्रं.0771-2331385**
**ई-मेल-cg.dpi.dir@gmail.com**

क्र.शी.मु.क.कौ.प.प./ मु.प. परिणाम घोषणा /2025/575
नवा रायपुर दिनांक 30/09/2025

-:: सूचना ::-

शीघ्रलेखन एवं मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् द्वारा वर्ष 2025-26 में हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन में गति 100 शब्द प्रति मिनट एवं हिन्दी/अंग्रेजी मुद्रलेखन में कौशल गति 5000, 8000 एवं 10000 की-डिप्रेशन प्रतिघण्टा के मान से कौशल परीक्षाएं आहूत की गई थी।

उक्त परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम परिषद कार्यालय के पत्र कं.शी.मु.क.कौ.प.प./ मुख्य परीक्षा/55/परिणाम /2025/568,569,570,570,572,573 व 574 दिनांक 30.09.2025 द्वारा घोषित किये गये है।

परीक्षार्थीगण परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम परिषद् की वेबसाईट https://ctsp.cg.nic.in/ से download कर सकते है तथा उत्तीर्ण परीक्षार्थी अपने login-id-password से Provisional Certificate (प्रावधिक प्रमाण पत्र) Download कर सकेंगें।

हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा गति 100 शब्द प्रति मिनट के अभ्यर्थियों द्वारा परिणाम जारी दिनांक से 15 दिवस में हिन्दी/अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा के पुर्नमुल्यांकन / पुर्नगणना हेतु रूपये 200/- का चालान 0202-शिक्षा खेल-कूद कला तथा संस्कृति, 01-सामान्य शिक्षा 600 सामान्य 0661 में जमा कर चालान की एक प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर में संचालित प्रथम तल कक्ष कमांक 07 पेशन बाड़ा रायपुर में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। डाक द्वारा प्रस्तुत आवेदन / चालान स्वीकार्य नही किये जायेगें।

अभ्यार्थीगण परीक्षाओं संबधी अन्य जानकारी के लिए वेबसाईट https://ctsp.cg.nic.in का समय-समय पर अवलोकन करते रहे। पुर्नमुल्यांकन / पुर्नगणना के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाईट से download कर सकते है।

सचिव, शीघ्रलेखन मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परीक्षा परिषद् लोक शिक्षण संचालनालय
जी. 252603911/2

# ग्राम टेकारी के दो यार्ड में चल रहा था टैंकरों से डीजल-पेट्रोल चोरी का बड़ा खेल, 9 गिरफ्तार

44 लाख 30 हजार का पेट्रोल-डीजल के साथ टैंकर सहित अन्य सामग्री जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ विधानसभा पुलिस ने मारा छापा

राजधानी रायपुर के विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टेकारी में संचालित दो यार्ड में पेट्रोल और डीजल के टैंकरों से पेट्रोल-डीजल चोरी का बड़ा खेल चल रहा था। इसकी सूचना मिलने पर साइबर और थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से दोनों यार्ड में छापा मारते हुए यहां संग्रहित कर रखा गया 44 लाख 30 हजार रुपए का पेट्रोल और डीजल के साथ घटना में प्रयुक्त टैंकर सहित चाड़ी एवं प्लास्टिक पाइप जब्त किया है। इस प्रकरण में पुलिस ने 9 लोगों को गिरफ्तार किया है, वहीं दोनों यार्ड के संचालक अभी फरार हैं, जिनकी पतासाजी की जा रही है। nविधानसभा प्रभारी ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रिंग रोड नंबर-3 स्थित ग्राम टेकारी में 2 यार्ड में टैंकरों से पेट्रोल-डीजल चोरी कर संग्रहित करने का बड़ा खेल चल रहा था। इसकी सूचना पर पुलिस ने योजना बनाकर दोनों यार्ड में छापा मारा। इस कार्रवाई के दौरान एक यार्ड को चेक करने पर वहां टैंकर वाहन में डीजल-पेट्रोल भरा होने के साथ ही अलग-अलग ड्रम में भी डीजल एवं पेट्रोल रखा मिला। इस तरह इस यार्ड से ट्रक टैंकर तथा अलग-अलग ड्रम में रखे कुल 15300 लीटर पेट्रोल एवं 31000 लीटर डीजल बरामद किया है, जिसकी कुल कीमत 42 लाख 90 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा यार्ड से घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सीजी10एएफ 0113, सीजी04पीआर7421, सीजी 04पीटी8504, एक चाड़ी एवं 2 प्लास्टिक पाइप बरामद किया है। इस यार्ड से 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इसी प्रकार दूसरे यार्ड में छापा कार्रवाई के दौरान यार्ड में अवैध रूप से संग्रह कर बिक्री करने रखे कुल 1500 लीटर डीजल तथा 40 लीटर पेट्रोल कुल कीमत लगभग 1 लाख 40 हजार रुपए के साथ घटना में प्रयुक्त ट्रक टैंकर क्रमांक सीजी10बीयू2417, एक चाड़ी एवं 2 प्लास्टिक पाइप जब्त किया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस तथा 3,7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## मौके पर पकड़े गए आरोपी

दोनों यार्ड में गिरफ्तार किए गए आरोपियों में रवि यादव 25 वर्ष निवासी चकनेवापुर थाना रामपुर जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश, नीरज नेताम उर्फ दउवाराम 36 वर्ष निवासी टेडहाधौरा बस्तीपारा मुंगेली, शेख कलीमुद्दीन 47 वर्ष निवासी ग्राम पचेड़ा विधानसभा थाना, शैलेन्द्र कुमार उर्फ बिहारी 40 वर्ष निवासी साउथ पटेल नगर बालापर ईस्लामपुर नालंदा बिहार वर्तमान पता शास्त्री चौक कैम्प 1 भिलाई, राज पटेल 20 वर्ष निवासी बस्तीपारा मंदिर हसौद, अखिलेश चौबे 38 वर्ष निवासी ग्राम घोरठ थाना सिढारी उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम पिरदा चौक रायपुर, नीरज कुमार 23 वर्ष निवासी सरपट्टा थाना चांदा जिला सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम गुजरा थाना मंदिर, अरविंद गोड़ 38 वर्ष निवासी ग्राम सेदर थाना अवराई जिला भदोही हाल पता ग्राम नवागांव मंदिर हसौद एवं रोहित सरोज 24 वर्ष निवासी ग्राम सेउर थाना अवराई जिला भदोही हाल पता ग्राम नवागांव रायपुर शामिल हैं।

## दोनों यार्ड के संचालक फरार

इन दोनों यार्ड के संचालक अभी फरार हैं। इनमें एक यार्ड के संचालक का नाम सूरज शाह बताया जा रहा है, वहीं दूसरे यार्ड के संचालक के नाम का पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने दोनों संचालकों को तलाशना शुरू कर दिया है।

## पर्यावरण संरक्षण पर पोस्टर और क्विज

रायपुर। क्षेत्रीय कार्यालय पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर के रीजनल अफिसर प्रकाश रबड़े के निर्देशन में सेवा पर्व के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल कारा ब्लॉक धरसींवा में पोस्टर प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। प्रतिभागियों ने प्रदूषण नियंत्रण, वृक्षारोपण और जल संरक्षण के महत्व पर रचनात्मक विचार रखे। विद्यालय प्राचार्य एवं संकाय सदस्य नीतू शर्मा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रसायनज्ञ चंद्रिका कंवर, वैज्ञानिक डॉ. नंदिता सिंह बनाफर, जेएसए सुजाता शुक्ला, डॉ. सोनल शर्मा, डॉ. आसीमा शर्मा, अन्नू अग्रवाल, उर्मिला यादव एवं बीना यादव उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या.**
**बी-26, सेक्टर-07, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर फोन/फैक्स नं. 0771-4020540**

अभिरूचि की अभिव्यक्ति

छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर द्वारा संचालित बिलासा हैण्डलूम एम्पोरियम हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी से सेल्स गर्ल्स की नियुक्ति हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित हैं। सेल्स गर्ल्स हेतु हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, अंग्रेजी, हिन्दी एवं कम्प्यूटर का सामान्य ज्ञान के साथ सेल्स के लिये उपयुक्त व वाककौशल एवं कम से कम कपड़ा बिकी क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्थान से 02 वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य होगा। वेतन आपसी विचार विमर्श कर निर्धारित किया जावेगा।

सेल्स गर्ल्स के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करने में रुचि रखने वाले पात्र उम्मीदवार कार्यालयीन समय में दिनांक 17.10.2025 तक इस कार्यालय में अपना पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रबंध संचालक
छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर
संवाद- 45467

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/डॉ.भी.अ.चि./क्रय/2025/4720A रायपुर दिनांक 01/10/2025

"ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम निविदा आमंत्रण सूचना"

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के विभिन्न विभागों से संबंधित इम्प्लांट एवं सामग्री क्रय हेतु निम्नानुसार ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की गई है। इसका विस्तृत विवरण वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर निम्नानुसार सिस्टम में देखा जा सकता हैं।

| DETAIL | BID SUBMISSION START DATE | BID DUE DATE | PHYSICAL FDR SUBMISSION END DATE |
|---|---|---|---|
| 176446 CARDIOLOGY DEPT. | 07 OCT, 2025 5:30:00 PM IST | 07 NOV, 2025 12:00:00 PM IST | 07 NOV, 2025 12:30:00 PM IST |
| 176449 DSA DEPT | 07 OCT, 2025 5:30:00 PM IST | 06 NOV, 2025 12:00:00 PM IST | 06 NOV, 2025 12:30:00 PM IST |
| 176447 CTVS DEPT | 07 OCT, 2025 5:30:00 PM IST | 06 NOV, 2025 12:00:00 PM IST | 06 NOV, 2025 12:30:00 PM IST |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय
रायपुर (छ.ग.)
जी. 252603938/1

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)**

ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)
सिस्टम निविदा क्र. 176948/निविदा सूचना क्र. 03/व.ले.लि. /2025-26 दि. 01.10.2025

निम्नलिखित कार्य के लिए दिनांक 22.10.2025 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

कार्य का नाम राजीव समोदा निसदा व्यपवर्तन योजना के मुख्य नहर (फेस-2) के कि.मी. 61.30 से कि.मी. 69.28 तक मिट्टी का शेष कार्य एवं 12 नग मेसनरी स्ट्रक्चर्स का निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत रू. 1498.33 लाख

(एस.ओ.आर. दिनांक 01.08.2010 से प्रचलित (यथा संशोधित दिनांक 22.08.2022 तक)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 08.10.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है।

नोट: निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है। इस निविदा में जल संसाधन विभाग द्वारा दिनांक 01.10.2024 से अभी तक जारी समस्त निविदा पूर्व अर्हता प्रमाण पत्र मान्य होगा (प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग के पत्र क्रमांक 425001/TC/2016/ सर्कू/9210 रायपुर दिनांक 23.09.2025 के अनुसार)।

कार्यपालन अभियंता
म.ज.प. द्वितीय चरण कार्य संभाग, रायपुर
कृते मुख्य अभियंता महानदी परियोजना
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.
जी 252603924/4

**Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Limited**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) (ISO 9001: 2015 Certified)
1st Floor, Udyog Bhawan, Ring Road No.1, Telibandha, Raipur (C.G.) - 492006 CIN: U45203CT1981SG001853, PAN: AABCM6288N,
GST Regn No22AABCM6288N5ZY Phone: 0771-6621000
Fax: 0771-2583794 Website: www.csidc.in,
Email address:csidc.cg@nic.in, cside_raipur@yahoo.com

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)**
**(Through e-Procurement Portal Only)**
NIT No. 11/CSIDC/DIV-IV/2025-26/System No. 177002
Raipur, Dated: 01/10/2025

Chhattisgarh State Industrial Development Corporation Ltd., Raipur (CSIDC), a Government of Chhattisgarh Undertaking constituted under the Companies Act, engaged in Industrial Infrastructure Development & Other Related Activities in the State invites Online Request for proposals [RFP] for Appointment of consultant for:

Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Water Supply Project for proposed Smart Industrial area at Bijetala & Patewa villages Distt Rajnandgaon (CG) which include topographical survey total station survey/ DGPS/ GPS/ UAV or any other faster means of such as GIS mapping & investigation, design, drawing, cost estimates, technical specifications and bill of quantities etc.

The REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) document and other details can be downloaded from the web portal (website) https://eproc.cgstate.gov.in from 01/10/2025, 17:31 PM and shall be submitted online only. Amendment in RFP, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

**Note: 1)** The interested Agencies for online submission of RFP may contact CG eProc Helpdesk. Operated by Mjunction Services Limited, they may reach Helpdesk using 1800 419 9140 (from 9 AM to 11 PM) (therein press 2 for CG e-Proc) or you can email them at Helpdesk.eproc@cgswan.gov.in.
**2)** Agencies may contact to E.E., Div-IV, CSIDC, Udyog Bhawan in working hours to clear their doubt if any before online submission of the RFP.

S.- 45466 Executive Engineer, Division-IV

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसके निर्वतन ई-नीलाम तिथि 07.10.2025 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 07.10.2025 प्रातः 09:00 बजे से |

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-

| अ.क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली | काष्ठ घ.मी | बल्ली |
| 1. | सागौन | 70 | 0 | 148 | 439 | 218 | 439 |
| 2. | साल | 8 | 0 | 33 | 0 | 41 | 0 |
| 3. | बीजा | 0 | 0 | 59 | 64 | 59 | 64 |
| 4. | साजा | 39 | 0 | 153 | 193 | 192 | 193 |
| 5. | हल्दू/मुण्डी | 0 | 0 | 63 | 0 | 63 | 0 |
| 6. | सलिहा/मोदे | 4 | 0 | 11 | 0 | 15 | 0 |
| 7. | तिन्सा | 0 | 0 | 8 | 0 | 8 | 0 |
| 8. | धावड़ा | 0 | 0 | 68 | 0 | 68 | 0 |
| 9. | तेन्दू | 0 | 0 | 72 | 0 | 72 | 0 |
| 10. | अन्य | 26 | 0 | 97 | 0 | 123 | 0 |
| योग | | 147 | 0 | 712 | 696 | 859 | 696 |

नीलाम हेतु प्रस्तावित व्यापारिक बांस :-

| क्र. | वनमण्डल | बांसागार भानुप्रतापपुर | नग | नो.टन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 8470 | 25.608 |

दूरभाष क्रमांक पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)
1. क्रेताओ को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है। 2. क्रेताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है। 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है। 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम केता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।

वनमंडलाधिकारी
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल भानुप्रतापपुर
जी. 252603919/1

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

## 48 घंटे बाद कम होगी बारिश संबंधित गतिविधि, 10 के बाद विदाई संभावित

रायपुर । गुरुवार दोपहर को छाए बादल देर रात बरस ही गए। अधिकतर स्थानों पर इस वक्त तक रावण दहन हो चुका था, इसलिए अधिक परेशानी लोगों को नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों तक अर्थात शुक्रवार और शनिवार को वर्षा संबंधित गतिविधियां जारी रहेंगी। इसके बाद 5 से 10 अक्टूबर तक बादल छाए रहेंगे, लेकिन भारी बारिश की स्थिति निर्मित नहीं होगी। हल्की से मध्यम बारिश अथवा बूंदाबांदी की स्थिति ही रहेगी। बाद हवा की दिशा में परिवर्तन होने के साथ मानसून की विदाई संभावित है। हवा की दिशा पश्चिमी अथवा दक्षिण-पश्चिम होने के स्थान पर जब उत्तर-पूर्व की ओर होगी, तब मानसूनी गतिविधियां थम जाएंगी। इसके पूर्व लगभग एक सप्ताह तक छग में मानसूनी असर देखने को मिलेगा।

## शब्द पहेली - 6008



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**
1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6007 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6018

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6017 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |




## खबर संक्षेप

### नीतीश ने दी 25 लाख महिलाओं को सौगात




**पटना।** बिहार की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी आई। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 25 लाख महिलाओं के खातों में 10-10 हजार रुपये की राशि सीधे भेजी है। यह ट्रांसफर 3 अक्टूबर 2025 को 1, अणे मार्ग, पटना से किया गया। कुल 2500 करोड़ रुपये प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के जरिए जारी किए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना से अब तक लगभग 1 करोड़ महिलाओं को सीधी आर्थिक मदद मिल चुकी है। इस योजना के लिए अब तक 1.40 करोड़ महिलाओं ने आवेदन किया है, जबकि 1.5 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वरोजगार के लिए आवेदन कर चुकी हैं। इससे पहले 26 सितंबर 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संयुक्त रूप से 75 लाख महिलाओं के खातों में पहली किस्त के रूप में 7500 करोड़ ट्रांसफर किए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन महिलाओं का स्वरोजगार सफल होगा उन्हें आगे 2 लाख तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी।

### कोर्ट ने किए आशा भोंसले के पर्सनैलिटी राइट्स सुरक्षित



**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने सिंगर आशा भोसले के नाम, आवाज और पहचान का बिना अनुमति के इस्तेमाल करने पर रोक लगाई है। अब एआई प्लेटफॉर्म, ई-कॉमर्स और दूसरे बिना अनुमति इनका इस्तेमाल नहीं कर सकते। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, कोर्ट ने कहा कि एआई टूल्स का इस्तेमाल करके सेलिब्रिटी की आवाज की नकल करना उनके पर्सनैलिटी राइट्स का उल्लंघन है।

### 18 महीने की बच्ची का रेप, 22 साल की सजा



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के तिरुवनंतपुरम में 18 महीने की मासूम बच्ची का अपहरण कर उसके साथ दरिंदगी के मामले में एक अपराधी को 22 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। शुक्रवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के जज एम. पी. शिबू ने 41 वर्षीय हसन कुट्टी उर्फ कबीर को बच्ची के अपहरण और यौन उत्पीड़न के मामले में सजा सुनाते हुए आरोपी पर 72 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## हाईकोर्ट ने करूर हादसे के दिए एसआईटी जांच के आदेश

# एक्टर विजय को फटकार, 'घटनास्थल से भागना उनकी मानसिकता को दर्शाता है'

**खास बातें**

- एक्टर की रैली में भगदड़ से 41 लोगों की गई थी जान
- आयोजक होने के नाते क्या आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं?



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने करूर भगदड़ के सिलसिले में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) नेताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि पार्टी प्रमुख विजय घटनास्थल से भाग गए और पार्टी ने खेद भी नहीं जताया। यह विजय (अभिनेता-राजनेता) की मानसिक स्थिति को दर्शाता है। न्यायमूर्ति सेंथिलकुमार ने टिप्पणी की कि भगदड़ में 41 लोगों की मौत हुई और इसका गलत तरीके से प्रबंधन किया गया।

**एसआईटी गठन का आदेश**

पीठ ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया, जो इस घटना की जांच करेगा। साथ ही, अदालत ने टीवीके नेताओं बुसी आनंद और सीटीआर निर्मल कुमार की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर आदेश सुरक्षित रख लिया।

उन्होंने कहा कि राज्य विजय के प्रति नरमी दिखा रहा है, जबकि सभी ने वीडियो-तस्वीरें देखी हैं। अदालत ने आयोजकों और पुलिस, दोनों से जवाब मांगा कि जिम्मेदारी किसकी है? न्यायमूर्ति ने सवाल उठाया, 'एक इवेंट आयोजक होने के नाते क्या आपकी कोई जिम्मेदारी नहीं है?' अदालत ने इस पर गहरी नाराजगी जताई कि राज्य विजय के प्रति नरमी बरत रहा है और टिप्पणी की कि घटना के वक्त विजय भगदड़ स्थल से भाग गए। कोर्ट ने कहा कि टीवीके ने पछतावा तक नहीं जताया। टीवीके नेता मौके से गायब हो गए और ये विजय की मानसिक स्थिति को दर्शाता है।

**एसओपी लागू होने तक रैली की इजाजत नहीं**

*मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै बेंच में सुनवाई के दौरान तमिलनाडु सरकार ने कहा है कि एसओपी लागू होने तक किसी भी राजनीतिक दल को सार्वजनिक कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी जाएगी। सरकार की ओर से यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब प्रदेश में सार्वजनिक रैलियों को लेकर एसओपी की डिमांड जोर पकड़ रही थी।*

### विजय अहंकारी और पैसों के भूखे : सीएम स्टालिन



करूर भगदड़ मामले पर आरोप-प्रत्यारोप जारी हैं। अब डीएमके पार्टी ने टीवीके नेता और फिल्म अभिनेता विजय पर तीखा हमला बोला है। डीएमके ने अपने मुखपत्र मुरासोली में प्रकाशित एक लेख में विजय पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, 'विजय ने जो वीडियो जारी की है, वह उनके अहंकार, पैसे-प्रचार की भूख और सत्ता पाने की चाह को दिखाती है।' दरअसल विजय ने एक वीडियो जारी कर कहा कि सरकार को जो भी कार्रवाई करनी है, उनके खिलाफ करे, लेकिन उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को छोड़ दे। इसी पर निशाना साधते हुए डीएमके ने कहा कि 'विजय ने सरकार के दबाव में ही मृतकों के परिजनों को 20 लाख रुपये का मुआवजा देने का एलान किया है।

**राजनीतिक रोटी सेंक रही भाजपा**

सीएम स्टालिन ने करूर भगदड़ पर भाजपा द्वारा प्रतिनिधिमंडल गठित करने पर तंज कसा है। सीएम ने भाजपा पर करूर भगदड़ पर राजनीति करने का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा को लोगों की चिंताओं के बजाय आगामी चुनाव की चिंता है। रामनाथपुरम जिले में विकास कार्यों का उद्घाटन करते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि 'जब तमिलनाडु में तीन बड़ी आपदाएं आईं, जिनसे हजारों लोग प्रभावित हुए, तब केंद्र सरकार की तरफ से किसी ने राज्य का दौरा नहीं किया और न ही कोई फंड जारी किया। अब करूर मामले पर भाजपा ने तुरंत अपना प्रतिनिधिमंडल भेज दिया है, जबकि मणिपुर दंगों, गुजरात की घटना और कुंभ मेले में हुई मौतों की जांच के लिए उन्होंने कोई प्रतिनिधिमंडल नहीं भेजा। भाजपा को तमिलनाडु के लोगों की चिंता नहीं है, बस उन्हें अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से मतलब है।'

# 'सिंगर जुबीन मामले की जांच एनआईए या सीबीआई को हो ट्रांसफर'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला सुप्रीम कोर्ट जा पहुंचा है। आरोपी नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल ऑर्गनाइजर श्यामकानु महंता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। आरोपी ने मांग की है कि सिंगर की मौत के मामले की जांच असम पुलिस की एसआईटी से एनआईए या सीबीआई को ट्रांसफर की जाए। इतना ही नहीं बल्कि उसने मामले की निगरानी सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से कराने की भी मांग की है। इसके अलावा इस मामले से जुड़ी एफआईआर को असम से बाहर ट्रांसफर करने की मांग की है। गौरतलब है कि 30 सितंबर को दाखिल इस याचिका में सख्त कार्रवाई से संरक्षण भी मांगा गया था, लेकिन इसके बाद उसकी गिरफ्तार हो गई। वकीलों के मुताबिक अब इस याचिका में संशोधन किया जाएगा। इसके अलावा सिंगर जुबीन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी इंडिया आ चुकी है।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा सिंगर की मौत का मामला**



**सिंगापुर पुलिस ने सौंपी पोस्टमार्टम रिपोर्ट**

सिंगापुर पुलिस ने जुबीन गर्ग की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भारत को सौंप दी है। रिपोर्ट में मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया. गुवाहाटी में भी दोबारा पोस्टमार्टम हुआ, जिसकी रिपोर्ट सीआईडी के पास है, लेकिन सार्वजनिक नहीं की गई। इसके अलावा सिंगर के निधन से संबंधित प्रारंभिक निष्कर्षों की एक कॉपी भी भारतीय उच्चायोग को सौंपी गई है। जानकारी है कि भारत की तरफ से मांग की गई थी। इतना ही नहीं बल्कि मामले में सिंगापुर पुलिस ने लोगों से खास अपील भी की है।

**19 सितंबर को हुई थी मौत**

19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान सिंगर जुबीन की मौत हो गई थी। जुबीन की मौत कैसे हुई? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। इस मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले की जांच चल रही है। साथ ही पुलिस ने इस केस पर जानकारी देते हुए कहा कि शेखर ज्योति गोस्वामी और अमृतप्रभा महंत को पूछताछ के बाद अरेस्ट किया गया है। असम पुलिस की सीआईडी के विशेष डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शेखरज्योति और अमृतप्रभा महंत को 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

# पीओके में ज्यादती कर रहा पाकिस्तान मानवाधिकार उल्लंघन का जिम्मेदार

## भारत सरकार ने कहा- पड़ोसी की करतूत दुनिया में उजागर





एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हो रहे विरोध प्रदर्शनों और पाकिस्तानी बलों की बर्बरता पर कड़ा रुख अपनाया है।

मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान का दमनकारी रवैया और अवैध कब्जा ही इन हालात की जड़ है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीओके के कई इलाकों से विरोध प्रदर्शनों और आम नागरिकों पर पाकिस्तानी फौज की ज्यादती की खबरें आई हैं। यह सब पाकिस्तान की नीतियों का नतीजा है, जहां वह स्थानीय संसाधनों का शोषण करता है और जनता पर अत्याचार करता है। भारत ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान को इन गंभीर मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि पीओके पर पाकिस्तान का कब्जा पूरी तरह जबरन और गैरकानूनी है और वहां लोगों की आवाज को दबाने की उसकी कोशिश दुनिया के सामने उजागर हो रही है।

**बांग्लादेश सरकार के आरोपों पर भारत का पलटवार**

विदेश मंत्रालय ने बांग्लादेश के गृह सलाहकार जाहंगीर आलम चौधरी के बयानों को भी सख्ती से खारिज कर दिया है। मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ये आरोप पूरी तरह झूठे और बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम रही है और अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए बार-बार दूसरों पर ठीकरा फोड़ती है। जैसवाल ने साफ कहा कि ढाका सरकार को चाहिए कि वह आत्ममंथन करे और गंभीरता से जांच कराए कि किस तरह स्थानीय उग्रवादी चिटगांव हिल ट्रैक्ट्स में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमले, आगजनी और जमीन कब्जाने जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# इस्लामाबाद प्रेस क्लब में घुसी पुलिस कैमरे तोड़े, पत्रकारों को जमकर पीटा

## पीओके की आवाज दबाने की कोशिश

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान में इस्लामाबाद के प्रेस क्लब पर गुरुवार को पुलिस ने अचानक छापा मारा और वहां प्रदर्शन कर रहे पत्रकारों और लोगों पर हमला किया। यह प्रदर्शन पीओके में अत्याचारों और इंटरनेट ब्लैकआउट के खिलाफ हो रहा था। इस घटना के बाद पूरे पाकिस्तान में नाराजगी जाहिर की गई। इस घटना से जुड़े कई वीडियो वायरल हैं जिनमें पुलिस पत्रकारों पर लाठियां चला रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लाठी लिए पुलिसकर्मियों को पत्रकारों को घसीटते, कैमरे तोड़ते और एनपीसी कैफेटेरिया में कर्मचारियों पर हमला करते दिखाया गया। वीडियो में दिख रहा है कि एक फोटो पत्रकार की शर्ट फटी हुई है और उसका कैमरा तोड़ दिया गया है। प्रेस क्लब के कम से कम दो फोटोग्राफर और तीन कर्मचारी घायल हुए। कई पत्रकारों के कैमरे,मोबाइल तोड़ दिए गए। **देशभर में ब्लैक डे :** घटना के विरोध में पाकिस्तान पत्रकार संघ की ओर से शुक्रवार को ब्लैक डे मनाया गया। पाकिस्तान फेडरल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष अफजल बट ने कहा, 'पत्रकार इस समय बेहद गुस्से में हैं।



देश भर के सभी प्रेस क्लब ने इस कृत्य की निंदा में काले झंडे फहरा कर विरोध जताया है।'

**यह कहना है पुलिस का**

इस बीच पुलिस का कहना है कि उन्होंने पत्रकारों को गलती से निशाना बनाया। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह तब हुआ जब पीओके की स्थिति को लेकर प्रेस क्लब के बाहर विरोध प्रदर्शन को खत्म कराने के लिए पुलिस पहुंची। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी भाग कर प्रेस क्लब में घुस गए। पुलिस उनका पीछा करती हुई प्रेस क्लब के अंदर चली गई। अंदर पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू किया और पत्रकारों ने जब मोबाइल और कैमरे से रिकॉर्ड करने की कोशिश की, तो उन्हें भी पीटा गया।

**गृह राज्य मंत्री ने पत्रकारों से माफी मांगी**

गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं। नकवी ने यह भी कहा कि पत्रकारों पर हिंसा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं होगी और इसमें शामिल पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। गृह राज्य मंत्री तलाल चौधरी प्रेस क्लब पहुंचे और पत्रकारों से माफी मांगी। उन्होंने पत्रकारों से कहा, 'आपकी आवाजें ही हमें जनता तक पहुंचाती हैं, हम बोलने की आजादी के समर्थक हैं।'

## यौन शोषण : स्वामी की बढ़ी न्यायिक हिरासत

# चैतन्यानंद ने मांगा बिना लहसुन-प्याज का खाना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



स्वामी चैतन्यानंद केस में हुई सुनवाई में दिल्ली पुलिस ने उनकी आगे की पुलिस हिरासत की मांग नहीं की। पुलिस ने कोर्ट से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने की अर्जी लगाई। कोर्ट ने इस पर आदेश सुरक्षित रखते हुए स्वामी चैतन्यानंद को 17 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। सुनवाई के दौरान बाबा के वकील ने पूछा कि आखिर किन धाराओं के आधार पर न्यायिक हिरासत मांगी जा रही है। इस पर कोर्ट ने जांच अधिकारी से सवाल किया कि क्या धारा 232 जोड़ी गई है क्योंकि यह पहले नहीं लगाई गई थी। जांच अधिकारी ने जवाब दिया कि उसी शिकायतकर्ता की दूसरी शिकायत आने पर यह धारा जोड़ी गई है।

**साजिश की आशंका :** बाबा के वकील ने अदालत में कहा कि उन्हें दवाइयों की जरूरत होगी। वह संन्यासी हैं और केवल सात्विक भोजन करते हैं, इसलिए उन्हें बिना लहसुन-प्याज का खाना दिया जाए। साथ ही उन्हें अपने धार्मिक वस्त्र पहनने और आध्यात्मिक वस्त्र रखने की अनुमति मिले।

## हिंडन एयरबेस पर होगा वायुसेना दिवस का भव्य आयोजन 8 अक्टूबर से

# शौर्य और गौरव का उत्सव, 18 एयर वॉरियर्स ड्रिल, फ्लाईपास्ट



8 अक्टूबर को एयर फोर्स का 92वां स्थापना दिवस

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के 92वां स्थापना दिवस को इस साल 8 अक्टूबर को बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी तैयारी भी बड़े जोर-शोर से की जा रही है। इस खास दिन पर हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर भव्य परेड, फ़्लाईपास्ट, प्रदर्शन और कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। तीन साल बाद हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर वायुसेना दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा। एयर चीफ़ मार्शल ए.पी. सिंह परेड की सलामी लेंगे।

इस अवसर पर चीफ़ ऑफ़ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस), थलसेना प्रमुख (सीओएएस), नौसेना प्रमुख (सीएनएस) और वायुसेना के पूर्व प्रमुख भी मौजूद रहेंगे। एमआई-171 (वी) हेलिकॉप्टर ध्वज फ़्लाईपास्ट करेगा, जिसमें भारतीय तिरंगा, वायुसेना का ध्वज और ऑपरेशन सिंदूर का झंडा लहराया जाएगा। परेड में एयरक्राफ्ट का स्थैतिक प्रदर्शन भी शामिल होगा। साथ ही, राष्ट्रपति पुरस्कारों की अलंकरण भी आयोजित की गई है।

**यह होगा प्रमुख आकर्षण**

कार्यक्रम में एयर वॉरियर ड्रिल टीम का खास प्रदर्शन होगा। सब्रतो टीम के 18 एयर वॉरियर्स राइफल ड्रिल दिखाकर दर्शकों को रोमांचित करेंगे। हेरिटेज फ़्लाइट के तहत हार्वर्ड और हिंदुस्तान ट्रेनर विमान आसमान में करतब दिखाएंगे। साथ ही, इनोवेशन सेल में 18 नए इनोवेशन प्रदर्शित किए जाएंगे, जो वायुसेना की आत्मनिर्भरता और भविष्य की सोच को दर्शाएंगे। 'वॉक थ्रू' के ज़रिए पिछले एक साल की उपलब्धियों और घटनाओं को भी दिखाया जाएगा। वायुसेना दिवस का यह आयोजन परंपरा, ताक़त और आधुनिक सोच का बेहतरीन संगम होगा। 2022 से यह आयोजन चंडीगढ़, 2023 में प्रयागराज और 2024 में चेन्नई सहित कई जगहों पर आयोजित किया जा रहा है। भारतीय सेना और नौसेना भी देश भर में अपने-अपने कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं।

**ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना का रोल**

भारतीय वायुसेना के हिंडन एयरबेस ने पाकिस्तान को निशाना बनाने वाले सैन्य अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' को लॉन्च करने में अहम भूमिका निभाई थी। स्रोतों के अनुसार, इसने विमानों को तैनात करने के लिए एक अहम केंद्र के रूप में कार्य किया। 7 मई को भारत की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने पर हिंडन सिविल टर्मिनल से व्यावसायिक उड़ानें निलंबित कर दी गईं थीं।

## खबर संक्षेप




### ट्रूअल्ट बायोएनर्जी का शेयर 7 फीसदी बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली।** जैव ईंधन उत्पादक कंपनी ट्रूअल्ट बायोएनर्जी लि. का शेयर कारोबार के पहले दिन शुक्रवार को अपने 496 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब सात प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर शेयर 550 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 10.88 प्रतिशत अधिक है। अंत में यह 7.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 530.85 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई पर इसने 9.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 545.40 रुपये पर शुरुआत की। कारोबार के अंत में यह 7.04 प्रतिशत चढ़कर 530.95 रुपये पर बंद हुआ।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 88.78 पर बंद



**मुंबई।** आयातकों की डॉलर मांग और लगातार विदेशी पूंजी निकासी के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया सात पैसे टूटकर 88.78 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि व्यापार तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण डॉलर बनाम रुपया अपने निचले स्तर के आसपास बना हुआ है। इसके अलावा, लगातार विदेशी पूंजी निकासी और अमेरिकी वीजा शुल्क वृद्धि के मुद्दे के कारण भी घरेलू मुद्रा पर दबाव है।

### अस्थिर दुनिया में भारत स्थिरता का आधार



**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि भारत का वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचा लगातार मजबूत बना हुआ है और देश अस्थिर दुनिया में स्थिरता का आधार बन गया है। गवर्नर ने यहां कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में देश की मजबूत बुनियाद का श्रेय कम मुद्रास्फीति, अच्छे विदेशी मुद्रा भंडार, कम चालू खाता घाटा और देश के बैंकों व कॉरपोरेट जगत के मजबूत बहीखाते को दिया।

### ट्रंप टैरिफ से एक और झटका कम हुआ विदेशी मुद्रा भंडार



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 2.33 अरब डॉलर घटकर 700.24 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 26 सितंबर को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.39 अरब डॉलर घटकर 581.76 अरब डॉलर रहीं।

### एलएंडटी के कारखाना एवं भवन खंड को मिला ऑर्डर




**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के भवन एवं कारखाना (बीएंडएफ) खंड को घरेलू बाजार में बड़ा ऑर्डर मिला है। शेयर बाजार को दी सूचना में एलएंडटी ने शुक्रवार को कहा कि उसके भवन एवं कारखाना (बीएंडएफ) खंड को बेंगलुरु में 59 लाख वर्ग फुट में बनने वाले देश के सबसे बड़े प्रस्तावित आईटी पार्कों में से एक के लिए ऑर्डर मिला है। कंपनी के अनुसार इस ऑर्डर की लागत 5,000 करोड़ रुपये से 10,000 करोड़ रुपये के बीच है।

# अब सोना बना वैश्विक अनिश्चितता का नया बैरोमीटर: मल्होत्रा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि शायद सोने की कीमत वैश्विक अनिश्चितताओं को दर्शाने वाले एक नए बैरोमीटर के रूप में काम कर रही है जबकि पहले कच्चा तेल ऐसा करता था।

मल्होत्रा ने वर्तमान में लगभग हर देश के वित्तीय रूप से 'काफी तनावग्रस्त' होने का जिक्र करते हुए कहा कि मौजूदा व्यापार नीति का माहौल कुछ अर्थव्यवस्थाओं की वृद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने निवेशकों को सजग करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में गिरावट देखी जा सकती है।

## आरबीआई गवर्नर ने कहा, पहले कच्चा तैल अनिश्चितताओं का बैरोमीटर

### पहले सोने की तरह तेल चाल दिखाता था

गवर्नर ने कहा-शायद अब सोने की कीमतें उसी तरह की चाल दिखा रही हैं जैसा पहले तेल दिखाया करता था। और यह वैश्विक अनिश्चितताओं का संकेतक बन रही हैं।/" मल्होत्रा ने वैश्विक आर्थिक संभावनाओं को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों पर अपने विचार साझा करने के साथ उन्होंने सतर्क करने के अंदाज में कहा कि शेयर बाजार में निवेशक भी कुछ ज्यादा उत्साह में लग रहे हैं।



### तेजी का नेतृत्व प्रौद्योगिकी शेयरों ने किया

वैश्विक शेयर बाजारों में अधिकांश तेजी का नेतृत्व प्रौद्योगिकी शेयरों द्वारा किए जाने की पृष्ठभूमि में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि निकट भविष्य में एक सुधार हो सकता है। शुक्रवार को हाजिर सोना बढ़कर 3,867 डॉलर प्रति औंस हो गया और लगातार सातवें हफ्ते में बढ़त पर है। बृहस्पतिवार को पीली धातु की कीमतें 3,896.9 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्च स्तर से गिरकर 3,856.6 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुई थीं।

आरबीआई ने बुधवार को तटस्थ मौद्रिक नीति रुख के साथ रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने की घोषणा की। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अनुमान से कहीं अधिक जुझारू रही है, लेकिन भविष्य अब भी धुंधला नजर आ रहा है।

आरबीआई गवर्नर ने कौटिल्य आर्थिक सम्मेलन 2025 में कहा, /"भू-राजनीतिक तनावों की वजह से पिछले दशक में तेल की कीमतें आसमान छू सकती थीं। लेकिन इन तनावों के बावजूद वर्तमान में तेल की कीमतें बहुत सीमित दायरे में रही हैं। यह न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में, सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में तेल की अहमियत कम होने के कारण हो सकता है।

## कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन 2025 में वित्त मंत्री ने कहा

# ग्लोबल झटकों को झेल सकता है भारत डेवलप्ड इकोनॉमी बनने का इरादा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि विश्व, व्यापार एवं ऊर्जा सुरक्षा में ''गंभीर असंतुलन'' का सामना करने के साथ ही संरचनात्मक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और ऐसे समय में भारत 'स्थिरता कायम करने वाली शक्ति' के रूप में सामने आया है जो बाहरी झटकों को झेलने में सक्षम है।**

सीतारमण ने यहां कौटिल्य आर्थिक शिखर सम्मेलन 2025 में कहा कि भू-राजनीतिक संघर्ष बढ़ रहे हैं और प्रतिबंध व शुल्क वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को नया रूप दे रहे हैं। ''ऐसे में भारत को सतर्क रहना होगा और परितोष की कोई जगह नहीं है। वित्त मंत्री ने कहा, '' युद्ध एवं रणनीतिक प्रतिद्वंद्विताएं सहयोग व संघर्ष की सीमाओं को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। जो गठबंधन कभी मजबूत दिखते थे, उनकी परीक्षा हो रही है और नए गठबंधन सामने आ रहे हैं। भारत के लिए ये गतिशीलताएं, संवेदनशीलता एवं लचीलेपन दोनों को उजागर करती हैं। झटकों को सहने की हमारी क्षमता मजबूत है। साथ ही हमारी आर्थिक क्षमता भी बढ़ रही है।''

मंत्री ने 'अशांत समय में समृद्धि की तलाश' विषय पर आयोजित सत्र को संबोधित करते हुए कहा, '' इसलिए, हमारे सामने चुनौती केवल अनिश्चितता से नहीं बल्कि असंतुलन से निपटने की भी है। हमें खुद से सवाल करना होगा कि हम एक ऐसी वैश्विक व्यवस्था कैसे बना सकते हैं जहां व्यापार निष्पक्ष हो, ऊर्जा सस्ती एवं टिकाऊ हो और जलवायु परिवर्तन से निपटने की कार्रवाई विकास की अनिवार्यताओं के अनुरूप हो...?''

## विश्व व्यापार को गंभीर असंतुलन का सामना करना पड़ रहा

### आवाज को बल मिले

सीतारमण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को ऐसे विचारों पर काम करने की जरूरत है, जो कल के पदानुक्रमों के बजाय आज की वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करें। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि विकासशील देशों की आवाज नियम-निर्माण में हाशिए पर न रहे, बल्कि भविष्य को आकार देने में उनकी आवाज को बल मिले।



### मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने पर ध्यान केंद्रीत

इस संदर्भ में सीतारमण ने कहा कि स्थिरता कायम करने वाली शक्ति के रूप में भारत का उदय न तो आकस्मिक और न ही क्षणिक है...बल्कि, यह कारकों के एक शक्तिशाली संयोजन का परिणाम है। सीतारमण ने कहा कि पिछले एक दशक में सरकार ने राजकोषीय समेकन, पूंजीगत व्यय की गुणवत्ता में सुधार और मुद्रास्फीति के दबावों पर लगाम लगाने पर ध्यान केंद्रित किया है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था तनाव का सामना कर रही

वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्तमान में बढ़ते व्यापार तनाव, उच्च शुल्क, बढ़ती वैश्विक नीति अनिश्चितता और जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना कर रही है। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था कम निवेश, उच्च पूंजी लागत, अस्थिर ऊर्जा कीमतों और वृद्धि, स्थिरता एवं सतत तनाव का सामना कर रही है।

### व्यापार प्रवाह को नया रूप दिया जा रहा

सीतारमण ने इसके अलावा कहा कि अव्यवस्थाएं इस नए वैश्विक युग को परिभाषित करती हैं, जिसमें व्यापार प्रवाह को नया रूप दिया जा रहा है। गठबंधनों का की परीक्षा ली जा रही है, भू-राजनीतिक सीमाओं के साथ निवेश को फिर से शुरू किया जा रहा है और साझा प्रतिबद्धताओं पर फिर से गौर किया जा रहा है।

### वैश्विक अर्थव्यवस्था की नींव बदल रही

सीतारमण ने कहा, '' हम जिस परिस्थिति का सामना कर रहे हैं वह कोई अस्थायी व्यवधान नहीं बल्कि एक संरचनात्मक बदलाव है।' उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यवस्था की नींव बदल रही है, क्योंकि शीत युद्ध की समाप्ति के बाद उभरी दुनिया, जिसने वैश्वीकरण, खुले बाजारों और बहुपक्षीय सहयोग के विस्तार को जन्म दिया था, यह अब अतीत की बातें प्रतीत होती हैं।

# धातु शेयरों में खरीदारी शेयर बाजार में तेजी

## सेंसेक्स 224 और निफ्टी 58 अंक चढ़ा



एजेंसी ▶▶| मुंबई

धातु एवं दूरसंचार शेयरों में लिवाली और वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 224 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी 58 अंक चढ़ गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 223.86 अंक चढ़कर 81,207.17 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध 2,710 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 1,490 शेयरों में गिरावट रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे। निफ्टी 57.95 अंक बढ़कर 24,894.25 अंक पर बंद हुआ। यह शेयर बाजार में तेजी का लगातार दूसरा सत्र रहा। इसके दम पर इस कारोबार सप्ताह में सेंसेक्स कुल 780.71 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की छलांग लगाने में सफल रहा जबकि निफ्टी में 239.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत की तेजी रही।

### टाटा स्टील में रही तेजी

शुक्रवार को सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 3.40 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। उसके बाद पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और भारती एयरटेल का स्थान रहा। इसके विपरीत, टेक महिंद्रा, मारुति, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फिनसर्व के शेयरों में गिरावट का रुझान देखा गया।

### बाजार एक दायरे में रहा

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, एक दायरे में रहने के बाद बाजार का समापन सकारात्मक अंदाज में हुआ। इसे धातु एवं टिकाऊ उपभोक्ता शेयरों में लिवाली से समर्थन मिला। अक्टूबर में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की संभावना, डॉलर में कमजोरी और बुनियादी धातु की स्थिर कीमतों से धातु सूचकांक चढ़ गया।

# सोने में पांच दिनों की तेजी थमी

## 500 रुपए टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत शुक्रवार को 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इसके साथ सोने में पांच दिनों से जारी रिकॉर्ड तेजी पर विराम लग गया। निवेशकों की मुनाफावसूली और डॉलर में आये मामूली सुधार से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 500 रुपये टूटकर 1,20,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही। इससे पहले, बुधवार को यह 1,100 रुपये की तेजी के साथ 1,21,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। वहीं 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने उच्चतम स्तर से 500 रुपये गिरकर 1,20,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

गांधी जयंती और दशहरा के मौके पर बृहस्पतिवार को स्थानीय सर्राफा बाजार बंद रहे। सोने की तरह, चांदी की कीमतें भी 500 रुपये घटकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रही। सर्राफा संघ ने कहा कि बुधवार को चांदी 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी।

## चांदी की कीमतें भी 500 रुपए घटकर 1,50,000 रुपए प्रति किलोग्राम



### निवेशकों की निकली मुनाफावसूली

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''अमेरिकी डॉलर में मामूली सुधार और नए रिकॉर्ड बनाने वाली पांच दिनों की तेजी के बाद निवेशकों की मुनाफावसूली के कारण शुक्रवार को सर्राफा बाजार में गिरावट दर्ज की गई और कीमतें अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आ गईं।''

# घरेलू हवाई यातायात अगस्त में घटकर 1.29 करोड़ पर: डीजीसीए

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू विमानन कंपनियों में यात्रा करने वाले लोगों की संख्या अगस्त में घटकर 1.29 करोड़ रही, जो पिछले साल इसी अवधि में 1.31 करोड़ थी। हाल ही में जारी किए गए अधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। हालांकि, मासिक आधार पर अगस्त में यात्रियों की संख्या बढ़कर 1.29 करोड़ हो गई, जो जुलाई में 1.26 करोड़ थी। इंडिगो का घरेलू बाजार जुलाई में 65.2 प्रतिशत था जो अगस्त में घटकर 64.2 प्रतिशत पर आ गया, जबकि एयर इंडिया समूह का बाजार इसी अवधि के दौरान 26.2 प्रतिशत से बढ़कर 27.3 प्रतिशत हो गया। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने अगस्त के लिए अपनी मासिक यातायात रिपोर्ट में कहा, ''जनवरी-अगस्त 2025 के बीच 1,107.26 लाख लोगों ने घरेलू विमानन कंपनियों की सेवाएं लीं। पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह संख्या 1054.66 लाख थी। इसमें सालाना आधार पर 4.99 प्रतिशत की वृद्धि और मासिक आधार पर 1.40 प्रतिशत की गिरावट आई। अगस्त में यात्रियों की संख्या 1.29 करोड़ रही, जो एक साल पहले इसी माह में दर्ज 1.31 करोड़ से कम है। इस बीच, अकासा एयर की बाजार हिस्सेदारी अगस्त में घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई, जो पिछले महीने (जुलाई) 5.5 प्रतिशत थी। स्पाइसजेट की हिस्सेदारी दो प्रतिशत पर बरकरार रही।




### उड़ानों में देरी के कारण यात्री प्रभावित हुए

अनुसूचित घरेलू विमानन कंपनियों को कुल 1,407 यात्री-संबंधी शिकायतें प्राप्त हुईं तथा अगस्त में प्रति 10,000 यात्रियों पर शिकायतों की संख्या लगभग 1.09 थी। डीजीसीए के आंकड़ों के अनुसार अगस्त महीने में उड़ानों में देरी के कारण कुल 74,381 यात्री प्रभावित हुए और इस दौरान विमानन कंपनियों ने यात्रियों को सुविधाएं प्रदान करने के लिए कुल 1.18 करोड़ रुपये खर्च किए।

# मारुति सुजुकी का सितंबर में उत्पादन 26 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि सितंबर में बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए आपूर्ति बढ़ाने की वजह से उसका उत्पादन सालाना आधार पर 26 प्रतिशत बढ़कर 2,01,915 इकाई हो गया। देश की अग्रणी वाहन विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि पिछले साल सितंबर में उसका उत्पादन 1,59,743 इकाई रहा था।

पिछले महीने कंपनी ने आल्टो और एस-प्रेसो के 12,318 वाहन बनाए, जो एक साल पहले की समान अवधि में 12,155 इकाई रहे थे।

इस दौरान कॉम्पैक्ट मॉडल- बलेनो, सेलेरियो, डिजायर और स्विफ्ट का उत्पादन बढ़कर 93,301



इकाई रहा, जबकि पिछले साल सितंबर में यह 68,413 इकाई था। पिछले महीने कंपनी ने सियाज मॉडल का उत्पादन नहीं किया जबकि सितंबर 2024 में इसके 1,687 वाहन तैयार किए गए थे। ब्रेजा, अर्टिगा और फ्रॉन्क्स जैसे यूटिलिटी वाहनों का उत्पादन 27 प्रतिशत बढ़कर 79,496 इकाई रहा। पिछले साल समान अवधि में यह 62,752 इकाई था।

## टाटा कैपिटल के आईपीओ के लिए 310-326 रुपए का मूल्य

# टाटा कैपिटल के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा कैपिटल ने अगले सप्ताह आने वाले अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 310 रुपये से 326 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। यह जुलाई में आए राइट्स इश्यू के मूल्य से करीब पांच प्रतिशत कम है। गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र (एनबीएफसी) की तीसरी बड़ी कंपनी टाटा कैपिटल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजीव सभरवाल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सभरवाल ने कहा कि कंपनी ने राइट्स इश्यू की तुलना में मूल्य दायरा को पांच प्रतिशत कम रखने का कदम बड़ी संख्या में खुदरा निवेशकों को आकर्षित करने और भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से उठाया है।




### टाटा कैपिटल का ऋण फोलियो 2.3 लाख करोड़

टाटा समूह की कंपनी टाटा कैपिटल का ऋण पोर्टफोलियो 2.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक है, जिसमें 88 प्रतिशत से अधिक ऋण खुदरा और एसएमई ग्राहकों को दिया गया है। इसके आवासीय व्यवसाय ने बड़ी आवासीय वित्त कंपनियों में सर्वश्रेष्ठ वृद्धि दर दर्ज की है।

### जुलाई में राइटस इश्यू से 1750 करोड़ जुटाए

कंपनी ने जुलाई में राइट्स इश्यू के जरिये 1,750 करोड़ रुपये जुटाए थे, जिसमें शेयर की कीमत 343 रुपये रखी गई थी। उन्होंने कहा कि आईपीओ के लिए मूल्य दायरा संस्थागत निवेशकों की मांग और खुदरा निवेशकों की पहुंच के बीच संतुलन बनाने के लिहाज से तय की गई है।

### निवेशक ऊंचे मूल्य पर निवेश करने तैयार थे

सभरवाल ने कहा, /"संस्थागत निवेशक ऊंचे मूल्य पर निवेश करने के लिए तैयार थे, लेकिन हमारे निदेशक मंडल ने एक ऐसा मूल्य दायरा तय किया जो व्यापक भागीदारी, खासकर खुदरा निवेशकों को प्रोत्साहित करे। इसका उद्देश्य मजबूत मांग, स्वस्थ तरलता और सार्वजनिक बाजारों में स्थायी विश्वसनीयता सुनिश्चित करना है।

## खबर संक्षेप



### लाहोटी मित्र मंडल ने मनाया बेटी दिवस

**रायपुर।** लाहोटी मित्र मंडल ने बुधवार को धूमधाम से बेटी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 27 प्रतिभावान बेटियों का सम्मान 27 चीजें भेंटकर बेटियों का स्वागत किया। इसी दौरान मंडल के सदस्यों ने राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त मंत्रिप्त कौर को आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक लक्ष्मी नारायण लाहोटी, लायन जेएस ठाकुर और मित्र मंडल के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### अपर आयुक्त अग्रवाल का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी और नगर निगम अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल सेवानिवृत्त हुए। स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय में उन्हें बुके देकर उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर नगर निगम के मुख्य अभियंता यूके धलेन्द्र, स्मार्ट सिटी लिमिटेड महाप्रबंधक ऋचा चंद्राकर, निगम के कार्यपालन अभियंता प्रदीप यादव, जोन 9 कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा सीनियर, अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता शरद देशमुख, उप अभियंता योगेन्द्र साहू, शुभम तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारियों ने उन्हें सेवानिवृत्ति पर दीर्घायु और सुखमय जीवन की शुभकामनाएं दी।

### पिछड़ा वर्ग संगठन ने ज्योत जंवारा का किया स्वागत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया और ज्योत जंवारा का किया भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर, चोवाराम देवांगन, पन्नालाल सिन्हा सहित अनेक पदाधिकारी शामिल हुए।

विधि विभाग के अध्ययन के बाद सरकार को सौंपा जाएगा ड्राफ्ट

# पुलिस कमिश्नरी का मुख्यालय पुराने रायपुर की एसआईबी बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू करने का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। एडीजी प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में बनी उच्चस्तरीय कमेटी ने कमिश्नरी प्रणाली का प्रारूप तैयार कर डीजीपी अरुणदेव गौतम को सौंप दिया है।

अब विधि विभाग के अफसरो के साथ अध्ययन के बाद डीजीपी इसे राज्य सरकार को सौंपेगे। विभागीय अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर पुलिस मुख्यालय में एसआईबी के दो मंजिला भवन को फाइनल किया गया है। पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने बनाई गई उच्च स्तरीय कमेटी ने महाराष्ट्र, दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद, ओडिशा, राजस्थान और मध्यप्रदेश में कमिश्नरी मॉडल का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर की कमिश्नरी व्यवस्था को बेहतर मानते हुए करीब 60 प्रतिशत नियमों को यहां लागू करने का निर्णय लिया गया है। शेष 40 प्रतिशत कमिश्नरी प्रणाली में अन्य राज्यों में लागू सिस्टम को शामिल किए जाने की सूचना है। नई प्रणाली लागू करने राज्य सरकार की स्वीकृति मिलना शेष है।

- पुलिस कमिश्नर प्रणाली का प्रारूप तैयार, ओडिशा मॉडल से लिए गए अधिकतर प्रावधान




### कमिश्नर कार्यालय में ऐसा होगा सेटअप

ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर की तर्ज पर पुलिस महानिरीक्षक रैंक के अधिकारी को पदस्थ किया जाएगा। उनकी सहायता के लिए भारतीय पुलिस सेवा स्तर के 2 अतिरिक्त आयुक्तों, 6 पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), विधि अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी, लेखा अधिकारी, 31 अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, 68 निरीक्षक/सूबेदार और सेटअप के अनुसार सभी थानों में पुलिसकर्मियों को पदस्थ किया जाएगा। अफसरों और पुलिसकर्मियों की कमी दूर करने पड़ोसी जिले और पुलिस लाइन के अतिरिक्त बल को तैनात किया जाएगा। वहीं पुलिस कमिश्नर कार्यालय को रायपुर के पीएचक्यू में शुरू कर 34 थानों को अटैच किया जाएगा। कमिश्नर कार्यालय के सेटअप और संसाधन के लिए वित्त विभाग की मंजूरी शेष है।

### बल की कमी पूरी करने सीएएफ जवानों को डीएएफ में लेंगे

पुलिस बल की कमी को पूरा करने के लिए छत्तीसगढ़ में सीएएफ के करीब साढ़े 300 जवानों को प्रशिक्षण के बाद डीएएफ में अस्थायी तौर पर लेने की तैयारी की जा रही है। वर्ष 2010 के बाद सीएएफ में भर्ती हुए जवानों को डीएएफ में लिया जायेगा। छत्तीसगढ़ आर्म्स फोर्स के जवानों की तैनाती अब तक नक्सल मोर्चे के साथ-साथ नेता, मंत्रियों की सुरक्षा में की जाती है। पुलिस कमिश्नरी प्रणाली लागू होने वे बाद तत्काल बल की व्यवस्था करना संभव नहीं है। साथ ही दूसरे जिलों के बल को अफसर समायोजित नहीं करना चाहते।

1601 मंडलों और 666 बस्तियों में होंगे कार्यक्रम

# आरएसएस प्रदेश में दो हजार स्थानों पर करेगा हिंदू सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। सबसे अहम हिंदू सम्मेलनों का आयोजन है। प्रदेश में आरएसएस विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक दो हजार स्थानों पर हिंदू सम्मेलन करेगा। इसमें आरएसएस के 1601 मंडल और शहरी क्षेत्रों की 666 बस्तियां शामिल हैं। इन सम्मेलनों में साधु, संतों के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ सालभर लगातार कार्यक्रम होंगे। अगले माह घर-घर चलो अभियान होगा। प्रदेश के सभी हिंदुओं के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे। लोगों को आरएसएस के बारे में बताने के साथ ही सभी को भारत माता की तस्वीर भेंट की जाएगी।

आएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में सालभर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से हो गया है। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम होगा। पहले दिन विजयादशमी पर राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश के कई स्थानों पर पथ संचलन किया गया।



### समाज को संगठित करने सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन होंगे। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन होंगे। प्रांत संघ चालक टोप लाल वर्मा ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा।

### घर-घर जाएंगे, देंगे भारत माता की तस्वीर

नवंबर से घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश के घर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देंगे। लोगों को संघ का साहित्य भी वितरित किया जाएगा। सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर दी जाएगी। इस संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को संघ से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसी के साथ संघ की शाखाओं का भी प्रदेश में विस्तार किया जाएगा। इस समय प्रदेश में 1855 शाखाएं हैं।

### युवा सम्मेलन और गोष्ठी

कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 221 स्थानों पर होगा। इसमें 152 खंड और 69 नगर शामिल हैं। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो इस पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गों के प्रमुख शामिल होंगे। जैसे ऑटो, ट्रक, टैक्सी के वाहन चालक। किसान, वकील, व्यापारी इनके प्रमुखों को बुलाकर एक मंच दिया जाएगा। सभी में राष्ट्रीयता और समाज को संगठित करने की भावना जगाने का काम होगा।

### राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी आएंगे

शताब्दी वर्ष में विजयादशमी से लेकर सालभर कई कार्यक्रम होंगे। हिंदू सम्मेलन, घर-घर संपर्क अभियान से लेकर कई आयोजन सालभर चलेंगे। इनमें हमारे प्रदेश स्तर के स्वयंसेवक और पदाधिकारी तो शामिल होंगे ही, साथ ही राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी भी आएंगे।

**- टोपलाल वर्मा**
प्रांत संघचालक

केंद्र से छत्तीसगढ़ को मिले 3462 करोड़

# मुख्यमंत्री ने जताया पीएम और वित्तमंत्री का आभार

- साय बोले-राज्य के वित्तीय संसाधनों को और अधिक सुदृढ़ करेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य के लिए कर हस्तांतरण अंतर्गत 3,462 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान करने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, नवरात्रि एवं दशहरा जैसे पावन अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा दिया गया यह आबंटन छत्तीसगढ़ की जनता के लिए वास्तव में एक अनमोल उपहार है।

यह राशि राज्य के वित्तीय संसाधनों को और अधिक सुदृढ़ करेगी, विकास परियोजनाओं को गति प्रदान करेगी तथा लोककल्याणकारी योजनाओं को नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा, केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार छत्तीसगढ़ को प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सतत प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस सहयोग से प्रदेशवासियों का जीवन और अधिक खुशहाल एवं सुरक्षित बनेगा।उल्लेखनीय है कि आगामी त्यौहारी मौसम को देखते हुए और राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने और उनके विकास, कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित करने में सक्षम बनाने के लिए, केंद्र सरकार ने 1 अक्टूबर को राज्य सरकारों को 1,01,603 करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हस्तांतरण जारी किया है। यह 10 अक्टूबर को जारी किए जाने वाले सामान्य मासिक हस्तांतरण के

### राज्य में विकास की गति को और तीव्र करेगा : चौधरी

वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने राज्यों को अग्रिम कर अंशदान के रूप में 1,01,603 करोड़ जारी किये हैं। इसमें से छत्तीसगढ़ को 3,462 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। यह सहयोग राज्य में विकास की गति को और तीव्र करेगा, जनकल्याणकारी योजनाओं को सशक्त बनाएगा। पावन पर्व-त्योहारों के समय में नव आशा और समृद्धि का संचार करेगा।

# छत्तीसगढ़ में सड़कों की खुदाई करने से पहले केंद्र के मोबाइल एप पर दें जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर कहा है कि आपके राज्य में डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और डिजिटल इंडिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दें। यह बात उन्होंने इस संदर्भ में कही है कि सड़कों, पाइप लाइन, केबल एवं गैस पाइप लाइन आदि कार्यों के लिए सड़कों की खुदाई करने से पहले केंद्र सरकार के मोबाइल एप सीबीयूडी पर अनिवार्य रूप से जानकारी अपलोड की जानी है। श्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अपने राज्य के संबंधित अधिकारियों को इन मामलों की जांच करने और इनके समाधान के लिए उचित कदम उठाने का निर्देश दें।



### ये है मामला

दरअसल केंद्र सरकार के संचार विभाग द्वारा राज्य में डिजीटल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केबल वगैरह बिछाई जाती है। बिना सूचना के खुदाई करने से इन केबलों को नुकसान पंहुचता है और इससे नेटवर्क की समस्या पैदा होती है। इसी परेशानी से बचने के लिए केंद्रीय मंत्री ने राज्य के सीएम को हालात से अवगत कराते हुए यह पत्र लिखा है।

**सिंधिया ने बताई गड़बड़ी :** श्री सिंधियां ने सीएम को भेजे गए पत्र में कहा है कि दूरसंचार उद्योग ने आपके राज्य में आने वाली कई चुनौतियों की ओर मेरा ध्यान आकर्षित किया है। इनमें ऊर्जा संबंधी मुद्दे और मार्गाधिकार (मार्ग) नियम, 2024 के कार्यान्वयन में देरी या विसंगतियां शामिल हैं, जो सामूहिक रूप से दूरसंचार सेवा प्रदाताओं पर एक महत्वपूर्ण वित्तीय बोझ डाल रही हैं।

### नगरीय प्रशासन ने जारी किया निर्देश

केंदीय मंत्री श्री सिंधिया के पत्र के हवाले से राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकायों के आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी किया गया है। कहा गया है कि केंद्रीय मंत्री के निर्देश के अनुरूप प्रदेश के नगरीय निकाय क्षेत्रों में विभिन्न खुदाई कार्य जैसे पाईप लाईन, केबल, एवं गैस पाईप लाईन आदि कार्यों हेतु सड़कों की खुदाई की जाती है। जिस हेतु विभिन्न एजेंसियों के द्वारा किए जा रहे खुदाई कार्यों की जानकारी अनिवार्य रूप से केंद्र सरकार को मोबाइल एप कॉल बिफोर यू डिग( सीबीयूडी) पर जानकारी अपलोड की जाए।

### एप में जानकारी अपलोड नहीं कर रहे अफसर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने निकायों को भेजे गए निर्देश में यह जानकारी भी दी है कि इस संबंध में नगरीय निकायों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों एवं निकाय स्तर पर एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्त कर उनका पंजीयन सीबीयूडी एपमें किया जा चुका है तथा समय-समय पर ऑनलाईन प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है, किन्तु आज तक नगरीय निकायों में पदस्थ अभियंताओं द्वारा उक्त मोबाइल ऐप के माध्यम से निकायों में चल रहे विभिन्न कार्यों की खुदाई की जानकारी अपलोड नहीं किया जा रहा है। नगरीय निकायों में पदस्थ सभी अभियंताओं को निकायों में चल रहे सभी निर्माण कार्यों की खुदाई की जानकारी एप में शीघ्र अपलोड करने कहा गया है।

# निगम की दुकान दिलाने के नाम पर 6 लाख की ठगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में नगर निगम की दुकान दिलाने के नाम पर 6 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। टिकरापारा पुलिस ने शिकायत पर इस मामले में एक महिला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार रावतपुरा कालोनी फेज-2 निवासी किरण जैतवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी परिचित खुशबू सोनी से चर्चा करते हुए बताया था कि उसका पति दुकान खोलना चाहता है, जिसके लिए वह दुकान ढूंढ रहा है। इस पर खुशबू ने उसे बताया कि नगर निगम में उसकी अच्छी पहचान है और वह भाठागांव बसस्टैंड स्थित नगर निगम की एक दुकान दिला सकती है, जिसके लिए वह आईडीएफसी बैंक से लोन भी निकलवा देगी, लेकिन इस काम के लिए शुरुआत में उसे 6 लाख रुपए देने होंगे। किरण ने खुशबू की बातों में आकर उसे 6 लाख रुपए दे दिए, लेकिन पैसे लेने के बाद खुशबू उसे दुकान और लोन दोनों नहीं दिला पाई, वहीं जो पैसे लिए थे उसे भी वापस नहीं किया। पुलिस ने मामले में अब आरोपी महिला के विरुद्ध धारा 318-4 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ओवरब्रिज पर हादसा ट्रक क्षतिग्रस्त

रायपुर। टिकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत संजयनगर ओवरब्रिज पर आधी रात को एक ट्रक रोड पर खड़े दूसरे ट्रक से जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि हादसे में टकराने वाला ट्रक के केबिन के परिचालक तरफ के हिस्से के सारे पार्ट्स टूटकर सड़क पर जा गिरे।

### अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद दाम 100 रुपए

रायपुर। अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद सौ रुपए हो गई है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 110 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 100 रुपए और बहुत ज्यादा अच्छी क्वालिटी की कटनी की उपहार दाल 110 रुपए में मिल रही है। बीते साल के दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। बीते साल तो इसके दाम दो सौ रुपए के पार भी गए। थोक में ही इसकी कीमत 190 रुपए तक चली गई थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं।

# नर्सिंग कालेजों को मान्यता संबद्धता मिल चुकी काउंसिलिंग शुरू होने का कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ नर्सिंग काउंसिल और आयुष विश्वविद्यालय से मान्यता और संबद्धता प्राप्त हो चुकी है, मगर चिकित्सा शिक्षा विभाग काउंसिलिंग शुरू करने की तारीख घोषित नहीं कर रहा है। नर्सिंग कालेजों में एडमिशन की अंतिम तारीख आईएनसी द्वारा 30 अक्टूबर तय की गई है। राज्य के 130 कालेजों में बीएससी एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग का पाठ्यक्रम संचालित होता है।

नर्सिंग में बहु प्रतीक्षित विषय बीएससी नर्सिंग का है, जिसकी करीब साढ़े सात हजार सीटें हैं। इसमें से 95 फीसदी सीटों पर एडमिशन विभिन्न चरणों के माध्यम से पूरा हो जाता है। इस बार एडमिशन की प्रक्रिया शुरू करने के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा तारीख तय नहीं किए जाने के कारण निजी कालेज प्रबंधनों की बेचैनी बढ़ती जा रही है। नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा का परिणाम काफी समय पहले घोषित हो गया था इसके बाद सीजी एनआरसी द्वारा 130 कालेजों में नर्सिंग के विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए मान्यता प्रदान की थी। इसके बाद आयुष विवि द्वारा सभी कालेजों में आगामी शिक्षण सत्र के लिए संबंद्धता प्रदान कर दी गई। इस दौरान यह अनुमान था कि चिकित्सा शिक्षा विभाग नर्सिंग कालेजों में एडमिशन के लिए अपनी प्रक्रिया पूरी करेगा। निजी कालेज प्रबंधन का इंतजार अब तक समाप्त नहीं हुआ है क्योंकि काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी नहीं हुआ है। निजी कालेज से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बीएससी की सीटें ज्यादा होने की वजह से प्रवेश प्रक्रिया में ज्यादा वक्त लगता है।

नियम के मुताबिक पहले दौर में आईएनसी के अनुसार एडमिशन 50 फीसदी न्यूनतम अंक के आधार पर होगा। इसके बाद कट ऑफ में कमी आने के बाद प्रवेश के नियमों में शिथिलता बरती जाएगी।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSTION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No.02-16/CE(S&P)/TR-25/S&P/34/882 Raipur, Dtd. 03-10-2025

**E-BIDDING TENDER NOTICE**

Online bids are invited by the undersigned through CSPTCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced manufacturers/eligible bidders for Supply of following material-

| S.N. | Tender no. /RFx No. | Description | Due Date & time |
|---|---|---|---|
| 1. | TR-25/S&P/34 RFx No-8100046476 | Procurement of 220 KV Centre Break Spring less Type Isolator without earth switch rating 2000A | 28.10.2025 Upto 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (S&P)
CSPTCL: Raipur

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (CIVIL), CSPGCL,**
Shed No. 11, Dangania, Raipur-492013 Phone No. 0771-2574562,
website www.cspc.co.in E-mail:- civilprojectcmg@gmail.com

No.04-04/W/1350 Raipur, date 01-10-2025

**E-TENDER NOTICE**

Online bids are invited through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from contractors registered in appropriate class in CSPGCL in three-part tendering system. The unregistered contractor having experience in Govt./PSU/local bodies/Power Generating Companies / Reputed private sector in India only may be considered on submission of experience certificate for following work as mentioned below:-

| Tender Specifi. No. | Name of Work | NIT value |
|---|---|---|
| CEC/DSPM -KE/W/ 2025/118 | Demolishing and disposal of Balance 324 units old F-type staff quarters at DSPM-TPS, CSPGCL, Korba East | 56.30 Lacs |

Note:- (i) The detailed NIT, Eligibility Criteria, Tender document & other details can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal.(ii) NIT value is inclusive of GST @ 18%.

SAVE ELECTRICITY

Chief Engineer (Civil)
CSPGCL, Raipur

**इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज़्म कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम – नवरत्न)
सीआईएन : L74899DL1999GOI101707

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्याः 2025/आईआरसीटीसी/सीओ/एसईआर/रेडहैट सॉफ्टवेयर – आईआरसीटीसी के एनजीईटी सिस्टम के लिए सॉफ्टवेयर लाइसेंस की खरीद हेतु। बोली–पूर्व बैठक (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग): 08.10.2025 को 12:00 बजे। जमा करने की अंतिम तिथिः 17.10.2025 को 15:00 बजे तक।

विस्तृत विवरणों हेतु www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC देखें। निविदा दस्तावेज डाउनलोडिंग एवं प्रतिभागिता www.tenderwizard.com/IRCTC पर की जा सकती है।

उपरोक्त विज्ञापन का शुद्धिपत्र/परिशिष्ट जारी होने पर उसे केवल www.irctc.com और www.tenderwizard.com/IRCTC पर प्रकाशित किया जाएगा।

स.म.प्र. (सेवाए) आईआरसीटीसी लिमिटेड, तीसरा तल, टॉवर–डी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली–110029

**कार्यालय नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)**

क्रमांक 2174/न.पा.नि. / लोनिवि / 25–26 अम्बिकापुर दिनांक 03/10/2025

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर द्वारा दीनदयाल उपाध्याय मांगलिक भवन निर्माण कार्य हेतु राशि रूपये 269.40 लाख हेतु ऑनलाईन निविदा (System Tender No. 176811) आमंत्रित की गई है।

विस्तृत निविदा सूचना छ.ग. शासन के ई- प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in & https://uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, अम्बिकापुर

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड**
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवती कंपनी)

**बिजली बंद की सूचना**

सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है, कि 33 के.व्ही. एवं 11 के.व्ही. फीडरों में आवश्यक रखरखाव एवं निर्माण कार्यहेतु निम्नलिखित क्षेत्रों में अंकित तिथि एवं समय पर विद्युत प्रवाह बन्द रहेगा। सम्माननीय उपभोक्ताओं को होने वाली असुविधा के लिए खेद है।

| क्र. | दिनांक | समय | फीडर का नाम | मेंटेनेन्स क्षेत्र | प्रभावित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 05-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 33 के.व्ही. महेशपुर फीडर | काराबेल से महेशपुर से बतौली | महेशपुर उपकेन्द्र से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 2 | 06-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 33 के.व्ही. लमगांव फीडर | बतौली से लमगांव | मां कुदरगढ़ी मिनेरल्स उच्च दाब उपभोक्ता |
| 3 | 07-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 11 के.व्ही. सेदम फीडर | सेदम से घण्टाडीह | सेदम फीडर से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 4 | 08-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 11 के.व्ही. करदना फीडर | बतौली से करदना | करदना फीडर से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 5 | 09-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 11 के.व्ही. बिलासपुर फीडर | बतौली से बांसाझाल | बिलासपुर फीडर से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 6 | 10-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 11 के.व्ही. बरगीडीह फीडर | बतौली से बरगीडीह | बरगीडीह फीडर से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 7 | 11-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र महेशपुर 11 के.व्ही. मंगारी | महेशपुर से तरागी | महेशपुर उपकेन्द्र से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 8 | 12-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र बतौली, 11 के.व्ही. बतौली एवं शांतिपारा फीडर | बतौली से शांतिपारा | बतौली उपकेन्द्र से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 9 | 13-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 11 के.व्ही. सेदम फीडर | बतौली से मंगारी | सेदम फीडर से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 10 | 14-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 11 के.व्ही. मंगारी फीडर | महेशपुर से मंगारी | मंगारी फीडर से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |
| 11 | 15-10-2025 | प्रात: 09.00 से दोपहर 03.00 बजे | 11 के.व्ही. करदना फीडर | बतौली से बेलकोट | करदना फीडर से आपूर्ति होने वाले समस्त ग्राम |

नोट- आवश्यकतानुसार समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
- स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाएँ- "विद्युत चोरी दण्डनीय अपराध है"

कार्यपालन यंत्री (सं/स) संभाग
छ.स्टे.पॉ.डि.कं. लिमि. अंबिकापुर

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### शाह पहुंचे रायपुर...

शनिवार को बस्तर जाएंगे। वहां पर कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद जगदलपुर से ही बीएसएफ के विशेष विमान से दिल्ली लौट जाएंगे।

तय कार्यक्रम के मुताबिक श्री शाह शुक्रवार की शाम को चंडीगढ़ से बीएसएफ के विशेष विमान से रायपुर पहुंचे। विमानतल पर उनका स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय के अलावा केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, प्रदेश मंत्री रामविचार नेताम, ओपी चौधरी, राजेश अग्रवाल भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री नवीन मार्कंडेय, कोषाध्यक्ष राम गर्ग, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा, भाजपा के कार्यालय प्रभारी अशोक बजाज सहित भाजपा के कई पदाधिकारी भी पहुंचे। विमानतल से श्री शाह होटल मेफेयर पहुंचे। उनके साथ मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री भी होटल पहुंचे। श्री शाह यहां पर रात्रि विश्राम करेंगे।

बस्तर के कार्यक्रम

श्री शाह शनिवार की 11.20 बजे रायपुर के माना विमानतल से बीएसएफ के विशेष विमान से जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। जगदलपुर पहुंचने के बाद श्री शाह जगदलपुर के मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। इसके बाद वे 12.35 से 1.20 तक मुरिया दरबार के कार्यक्रम में शामिल होंगे। 1.25 से 2.30 बजे लाल बाग में प्रदर्शनी का अवलोकन करने के साथ यहां पर कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद भोजन करेंगे और फिर 3.10 बजे दोपहर को बीएसएफ के विशेष विमान से वापस लौट जाएंगे।

मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी जाएंगे बस्तर

बस्तर के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए केंद्रीय मंत्री अमित शाह के साथ शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी विजय शर्मा और अन्य मंत्री भी जाएंगे। श्री शाह जहां कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद जगदलपुर से ही वापस लौट जाएंगे, वहीं मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री दूसरे विमान से रायपुर लौटेंगे।

### शाह के हाथों मिलेगी ...

जरूरतें पूरी कर सकें बल्कि समाज में आत्मनिर्भरता और सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकें।

अब तक इस योजना के अंतर्गत 19 किस्तों में महिलाओं को कुल 12376 करोड़ 19 लाख रुपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में जमा कराई जा चुकी है। यह प्रक्रिया न केवल वित्तीय पारदर्शिता का उदाहरण है बल्कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम भी है।

### वित्तीय आंकड़ा ...

लाखों महिलाएं इस योजना के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक लाभ प्राप्त कर रही हैं।

### खुशखबरी, बढ़...

प्रारंभ होने के बाद मेडिकल की पढ़ाई करने वालों के पास शासकीय कालेजों का बेहतर विकल्प होगा। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार जांजगीर-चांपा मेडिकल कालेज के लिए 357.25 करोड़ रुपए, कबीरधाम मेडिकल कालेज के लिए 357.25 करोड़ रुपए और मनेंद्रगढ़ मेडिकल कालेज के लिए 362.57 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह स्वीकृति मेडिकल कॉलेजों के निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए प्रदान की गई है। इससे राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा तथा आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर राज्य में चिकित्सा सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। राज्य में तीन नए चिकित्सा महाविद्यालयों के निर्माण के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देश पर चिकित्सा शिक्षा विभाग को 1077 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इसके लिए मुख्यमंत्री और वित्तमंत्री का आभार जताया है।

### मिलरों को ...

लगनी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार किसानों को डीओ कटने के बाद 15 दिन का समय धान परिवहन के लिए दिया जाएगा। इसके साथ ही मिलरों को मिलिंग के लिए 80 रुपए प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी।

### शून्य सूखत पर...

पिछले साल किन्ही कारणों से सोसाइटियों को यह राशि नहीं दी जा सकी था। इस वजह से शून्य प्रतिशत सूखत वाली सोसाइटियों को लाभ से वंचित होना पड़ा था।

### सुशासन विभाग बनाने ....

उन्नयन किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि समाज से पाँच युवा पायलट बनना चाहें तो उनका पूरा खर्च सरकार वहन करेगी और उन्हें पायलट बनाया जाएगा। श्री साय ने सर्वप्रथम गुरु गद्दी का दर्शन कर प्रदेश की जनता की खुशहाली के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बाबा गुरु घासीदास के आदर्शों पर चलकर हमें विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। उनके आदर्शों में मानवता और समानता की सीख निहित है। गुरु बाबा ने समाज को एकजुट होने का संदेश दिया, जिसके परिणामस्वरूप सतनामी समाज आज प्रगति और सौहार्द की दिशा में अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि पिछले वर्ष भी मुझे मुख्यमंत्री के रूप में इस मेले में शामिल होने का अवसर मिला। लेकिन इस वर्ष और पिछले वर्ष में बड़ा अंतर आया है। पिछले वर्ष जब मैं यहां आया था तब आपके समाज के गुरु श्री खुशवंत साहेब विधायक थे, अब वे मंत्री बने हैं। उन्हें अनुसूचित जाति और जनजाति के विकास तथा युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ने की बड़ी जिम्मेदारी मिली है। आपके समाज के गौरव से हमें अपार उम्मीदें हैं। मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह मेला गुरु घासीदास बाबा के पुत्र गुरु श्री बालकदास साहेब के गद्दीनशीन होने की स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है। यह सतनाम धर्म के आदर्शों का प्रतीक है। आज ही के दिन गुरु श्री बालकदास जी ने राजगद्दी स्वीकार कर भंडारपुरी की पावन भूमि को अपनी कर्मभूमि बनाया था।

### ऐतिहासिक विकास- साव ....

संकल्प लेकर सरकार आगे बढ़ रही है। प्रदेश की सड़कों के विकास के लिए 700 से अधिक टेंडर जारी किए गए हैं और बरसात के बाद प्रदेश की सड़कें नए स्वरूप में नजर आएंगी।

### महिला एवं बाल ...

निर्णय लिया गया है। अंदरूनी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, एक्ट निर्माण के लिए लोक शिक्षण संचालनालय के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### खाट के सहारे गर्भवती ...

धमतरी जिले के गंगरेल बांध लबालब हो चुका है। इसके छह गेट खोल दिए गए हैं, जिससे महानदी का प्रवाह भी बढ़ गया है।

गरियाबंद केमैनपुर तहसील मुख्यालय से लगभग 38 किमी दूर उदंती अभ्यारण्य के भीतर बसे ग्राम पंचायत अमाड़ के आश्रित ग्राम कुंभकोट निवासी पिंकी पति रतीराम गोड़ को बीती रात से प्रसव पीड़ा प्रारंभ हुई, लेकिन यहां भारी बारिश, उदंती और अमाड़ नदी में बाढ़ के कारण आना जाना पूरी तरह बंद हो गया है। ऐसे में परिजन एवं ग्रामीणों ने गर्भवती महिला को खाट में बिठाकर जान जोखिम में डालते हुए नदी पार कर लगभग 8 किमी पैदल चलने के बाद सड़क तक पहुंचाया। वहां से उन्हें पहले झरगांव अस्पताल, फिर देवभोग अस्पताल भेजा गया है।

### गंगरेल खतरे के...

348.70 मीटर लेवल वाले गंगरेल बांध में 348.68 मीटर तक पानी पहुंच चुका था। इस समय बांध में पानी की आवक 26724 क्यूसेक हो रही थी। आवक को देखते हुए बांध के 8 मुख्य गेट के माध्यम से 55000 क्यूसेक पानी महानदी में डिस्चार्ज किया जा रहा है।

महानदी परियोजना के सभी बांध लबालब

जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि गुरूवार रात को हुई भारी बारिश से पानी की आवक तेज हो गई है। जलाशय में पूर्ण जलभराव हो चुका है। शाम 6 बजे 8 गेट के माध्यम से 55 हजार क्यूसेक पानी महानदी में छोड़ा जा रहा है जिसे परिस्थितियों के अनुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है। इसी प्रकार सोंढूर बांध में करीब 80 प्रतिशत जलभराव है। पानी की आवक देखते हुए यहां से 6000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। 1000 क्यूसेक पानी दुधावा बांध में भेजा जा रहा है। माड़मसिल्ली बांध शत-प्रतिशत भर चुका है। सभी 34 बेबी सायफन तथा 2 बड़े सायफन से पानी डिस्चार्ज हो रहा है। यहां से 3 हजार क्यूसेक पानी गंगरेल बांध में पहुंच रहा है। दुधावा बांध भी 80 प्रतिशत भर चुका है। नदी तथा बांध के तटीय इलाकों में अलर्ट जारी कर जिला एवं पुलिस प्रशासन को अवगत कराया गया है।

रूद्री बरॉज के 12 गेट खुले

विभागीय जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर को रूद्री बरॉज के 6 गेट के माध्यम से 12 हजार क्यूसेक पानी नदी में तथा 20706 क्यूसेक पानी नहर में छोड़ा जा रहा था। शाम को पानी की आवक अधिक होने के बाद बरॉज के 12 गेट से करीब 50 हजार क्यूसेक पानी नदी में डिस्चार्ज किया जा रहा है।

### अचानक बढ़...

घंटे बाद रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। ग्राम जोरातराई (नवीन) मंदिर का पुजारी इतवारी राम कश्यप पिता सीताबी राम कश्यप (65) शुक्रवार की सुबह मंदिर से पूजा कर लौटते समय नदी का जलस्तर बढ़ने से अचानक टापू में फंस गया। जिसकी सूचना परिजनों ने थाना कुरुद को दी। कुरुद पुलिस से सूचना मिलते ही जिला सेनानी शोभा ठाकुर ने तत्परता दिखाते हुए रेस्क्यू टीम को मोटर बोट सहित तत्काल रवाना किया। रेस्क्यू दल ने मौके पर पहुंचकर सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई करते हुए पुजारी को सुरक्षित निकालकर नदी पार कराया।

### राज्य के 27 स्थानों ...

इलाकों से रवाना हो चुका है, वहां भी जमकर पानी गिर रहा है। राज्य में रेनी सीजन समाप्त हो चुका है, मगर यहां बादलों के भारी गर्जना के साथ बरसने का दौर जारी है। पिछले चौबीस घंटे में मानसूनी बादलों ने अपना प्रभाव दिखाया और गुरुवार की रात जमकर पानी बरसा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार दक्षिण और मध्य हिस्सों को प्रभावित करने वाले सिस्टम का असर उत्तरी इलाके में भी हुआ। राज्य में सर्वाधिक वर्षा बलौदाबाजार के अमलीपदर में 100 मिमी. दर्ज हुई। इसके अलावा मंदिर हसौद ,मैनपुर में 90-90 मिमी. बिल्हा, खरोरा, पलारी में 80-80, बागबाहरा, सुहेला, महासमुंद, गरियाबंद, आरंग में 70-70 मिमी., धनोरा, नरहरपुर, माना में 60-60 मिमी, पेंड्रा रोड, करपावंड, बेलरगांव, पथरिया, पिथौरा, केशकाल, राजिम, भाटापारा, माकड़ी, बकावंड, कोमाखान, नगरी, देवभोग में 50-50 मिमी., सरोना, बडेराजपुर, लाभांडी सुकमा, कुरुद, बसना, गोबरा नवापारा, कांकेर, तिल्दा ,पाटन, लवन, रायपुर, तखतपुर सहित अन्य स्थानों में 40-40 मिमी. बारिश हुई।

### विधायक और उनके...

चेक पर हस्ताक्षर करवा लिए और बैंक खाते से 24 लाख रुपए की राशि अपने तथा अपने परिजनों के खातों में ट्रांसफर कर दी। यही नहीं, आरोपियों ने राजकुमार शर्मा, उसकी मां जयतिन शर्मा और पत्नी नीता शर्मा के फर्जी हस्ताक्षर एवं अंगूठा निशान लगाकर कुल 42 लाख 78 हजार रुपए की निकासी कर ली। पुलिस ने बताया की राशि की शिकायत पर प्रारंभिक जांच की गई और पुलिस जांच में तथ्य सही पाए जाने के बाद समिति प्रबंधक रह चुके बालेश्वर साहू और उनके साथी विक्रेता गौतम राठौर के खिलाफ धारा 420, 468, 467, 471, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### अब आधार कार्ड अपडेट ...

नाम, पता और डॉक्यूमेंट्स बदलवाने जैसी सर्विसेज के लिए पहले 50 रुपए लगते थे, अब 75 रुपए लगेंगे। इसी तरह बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सर्विस के लिए 100 रुपए की जगह अब 125 रुपए लगेंगे। वहीं, बच्चों का आधार अपडेट करवाना फ्री रहेगा।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids सुनाई मशीन • Dental/ दंत रोग • मुख के कैंसर प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर

सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल, 24 घंटे आपात चिकित्सा
Vrinda Multispeciality Hospital, Chest & Allergy Centre
अवंति विहार चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साई बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
अष्टविनायक हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड/राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंती विहार, रायपुर, फोन : 0771- 4060929, मो. 7389485756



असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए। HMS देखकर खरीदें
हर्बल लेप शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घंटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
94060-21769

हरिभूमि छत्तीसगढ़ के डायग्नोस्टिक सेन्टर
THE DIAGNOSTIC CARE

दि अमेरिकन लेबोरेटरी अ सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
(ट्यूबरक्युलोसिस) मध्यभारत का सबसे बड़ा सुपरस्पेस्लिटी डायग्नोस्टिक
• जीनएक्सपर्ट/सीबीएनएटी (टीएटी- 12-24 घंटे) बलगम
• क्वांटिफेरॉन-टीबी गोल्ड प्लस (क्यूएफटी प्लस) (टीएटी-48 घंटे) खून
• एएफबी कल्चर (एमजीआईटी320) (टीएटी- 21-42 दिन)
पता- सीटी कोतवाली के पास, सीएसईबी ऑफिस के सामने, बुढ़ापारा, रायपुर 492007
मो. 8098518020, 9004051230, 7828184773

20 वर्षों से आपकी सेवा में तत्पर
लैब केयर डायग्नोस्टिक्स Lab Care DIAGNOSTICS
Mo.- 9826725383
पैथोलॉजी की सभी सेवाएं उपलब्ध हैं। 50% डिस्काउंट के साथ उचित जाँच
पता- सीएसआईडीसी कमर्शियल कॉम्प्लेक्स के सामने, दाल फ्रैक्ट्री के पीछे, बचपन अस्पताल के पास, महादेव घाट रोड, रिंग रोड चौक, रायपुर, (छ.ग.)

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

**आवश्यकता है-** रेडीमेड कपड़ा शोरूम में कार्य हेतु अनुभवी सेल्समैन एवं सेल्सगर्ल की आवश्यकता है।वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- सारथी रेडीमेड, श्रीराम मार्केट अग्रसेन चौक बिलासपुर 8319617107, 9424153521 **(38813)**

**आवश्यकता है-** मेडिकल/ इलेक्ट्रीकल एजेन्सी में काम करने हेतु मार्केटिंग सेल्स कम्प्यूटर आपरेटर एवं आफिस गोडाउन शोरूम में काम करने हेतु कर्मचारी चाहिए सम्पर्क करें- गणपति ट्रेडर्स मंगला चौक बिलासपुर 92016 66660 **(38812)**

**आवश्यकता है-** श्याम इन्टरप्राइजेज में पैकिंग कार्य, कॉपी बनाने अन्य कार्य हेतु लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार (समय 10am to 7pm) सम्पर्क करें- साइंस कॉलेज के पास सीपत रोड सरकंडा बिलासपुर 75872 03133 **(38824)**

**आवश्यकता है-** रियल स्टेट के लिए टेलीकॉलिंग कार्य के अनुभवी लड़कियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- शुभम श्रीवास्तव, उस्लापुर 9111880000 **(38815)**

**आवश्यकता है-** OMI Company में ऑफिस हेतु लड़के लड़कियां चाहिए योग्यता 10वीं से ग्रेजुएट, उम्र 18 से 28, आय 8500 से 18000, रहना खाना, पता- न्यू बस स्टैण्ड, तिफरा बिलासपुर 8818877406, 96444 33021 **(38821)**

**आवश्यकता है-** एक रसोईया माली और ड्राइवर चाहिए और झाड़ू पोंछा आदि काम करने हेतु महिला या चौकीदार जो रहकर काम कर सके बिलासपुर में आवश्यकता है आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- 94061 57765 **(38814)**

**आवश्यकता है-** साड़ी शोरूम में काम करने के लिए सेल्समैन, सेल्सगर्ल एवं हेल्पर्स की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- शीश महल सिम्स चौक सदर बाजार बिलासपुर 89621 89000 **(38764)**

**आवश्यकता है-** बिजली का काम करने इलेक्ट्रीशियन, हेल्पर दुकान कार्य के लिए लडके, लड़की, डाटा एंट्री हेतु स्टाफ चाहिए सम्पर्क करे- सूरज इलेक्ट्रीकल्स C-21, नेताजी कॉम्प्लेक्स मन्दिर चौक जरहाभाठा बिलासपुर 9301586381, 9827181236 **(38826)**

**आवश्यकता है-** रेडिमेड कपड़ा शोरूम में बच्चो का एवं मेन्स वीयर काउंटर संभालने हेतु 3वर्ष अनुभवी युवक सेल्समैन चाहिये वेतन 10000 से अधिक सम्पर्क करें- नेशनल होजयरी NX सदर बाजार बिलासपुर **(38822)**

**आवश्यकता है-** साईड में सुपरवाइजर की आवश्यकता है योग्यता 5वर्ष साईड वर्क, इच्छुक व्यक्ति नीचे दिए गए मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करें 8269208555 **(38820)**

**आवश्यकता है-** हमारे नए आउटलेट कोरबा में काम करने के लिए स्टाफ की आवश्यकता है। योग्यताएं- न्यूनतम 10वीं पास आयु 21 से 28वर्ष, चयनित उम्मीदवार को एक हफ्ते के लिए दिल्ली ट्रेनिंग पर जाना अनिवार्य होगा पद- आउटलेट स्टाफ, स्थान- कोरबा इच्छुक उम्मीदवार तुरन्त सम्पर्क करें- हर्ष बजाज 7987499961 **(38818)**

**आवश्यकता है-** बिलासपुर के प्रतिष्ठित हॉस्पिटल हेतु ठेकेदारी में भारी मात्रा में सुरक्षागार्ड की। वेतन शासकीय नियम अनुसार अपने मूल दस्तावेजों सहित समपर्क करें- सिक्योरिटी ऑफिस मेन गेट अपोलो हॉस्पिटल लिंगियाडीह बिलासपुर 9981614171, 7999964058 **(38809)**

**आवश्यकता है-** महिला PA, ऑफिस कार्य, कम्प्यूटर ऑपरेटर (XL, Word, email, हिन्दी से इंग्लिश लेटर टाइपिंग), आफिस साफ सफाई चाय पानी पुरुष मेडिकल मशीन की मार्केटिंग, सर्विस इंजीनियर, ऑर्थोपेडिक एवं TKR THR JOINTS की सर्जरी कराने, ड्राइवर Ecco I10 Nexon चलाने वेतन- 8000 से 30000 पता- भारत मेडिकल सिस्टम, MIG 70, नेहरू नगर, बिलासपुर 9326609234 **(38817)**

**आवश्यकता है-** प्रतिष्ठित कम्पनी को पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग हेतु सेल्स एक्जीक्यूटिव की आवश्यकता है । सम्पर्क करें- मातुश्री ट्रेडिंग कम्पनी गुम्बर पेट्रोल पम्प के सामने व्यापार विहार रोड बिलासपुर **(38823)**

**आवश्यकता है-** टेरेस गार्डन रेस्टोरेन्ट में काम करने हेतु चाइनीस कॉन्टीनेंटल कुक की आवश्यकता है अनुभव 2वर्ष से ऊपर पेमेन्ट 15000 से 20000 तक सम्पर्क करें- 9977861508 **(38827)**

**आवश्यकता है-** मोबाइल दुकान मे काम करने हेतु अनुभवी लड़के, लड़कियों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार समय सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक सम्पर्क करें- 9827491999 **(38810)**

**आवश्यकता है-** डिपार्टमेंटल स्टोर में काम करने हेतु सेल्समैन (वेतन 10000- 14000) सेल्सगर्ल (वेतन 6000-9000) लड़के (वेतन 7000-9000) चाहिए। अनुभवी को प्राथमिकता सम्पर्क- फीलिंग्स अपोजिट अम्बा फ्यूल्स तारबाहर रोड, बिलासपुर 8982278005 **(38811)**

**आवश्यकता है-** होलसेल मेडिकल एजेन्सी में आउटर में काम करने के लिए अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- तेलीपारा बिलासपुर 7974670905 **(38807)**

## बेचना

**बेचना है-** महाराणा प्रताप चौक साईं बाबा हॉस्पिटल के पास 2BHK मकान 22×45 ईस्ट फेसिंग 55 लाख में बेचना है (लोन सुविधा उपलब्ध) सम्पर्क करें- 6265041277, 8461997770 **(38825)**

**बेचना है-** शिवम रेसीडेंसी नेहरू नगर 3BHK फ्लैट 46लाख) (जूना बिलासपुर मेन रोड डबल स्टोरी दुकान 86लाख) (पाम इंक्लेव सरकंडा 3BHK फ्लैट) (प्रताप चौक दुकान 25लाख) सम्पर्क करें- राजेश श्यामनानी 9827168452, 93006 25174 **(38819)**

## व्यापार

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्कः- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099 **(302)**

## फायनेंस

**फायनेंस-** जन कल्याण योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर 50,000/- से 15 लाख तक 1% ब्याज वार्षिक प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुप लोन, सिविल खराब लोन पाए संपर्कः- 92893 84524. **(304)**

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

आपके सपनों का आशियाना जल्द होगा आपका... पढ़ते रहे हरिभूमि क्लासिफाइड सब कुछ है यहां

हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें
- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल कामलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

Medicare Specialists
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## खबर संक्षेप



### जकार्ता इंटरनेशनल दूसरे स्थान पर रहे भुल्लर

**जकार्ता।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर वर्षा से बाधित जकार्ता इंटरनेशनल चैंपियनशिप के शुरुआती दो दौर में एक समान पांच अंडर 65 का कार्ड खेल दूसरे स्थान पर रहे। भुल्लर अब थाईलैंड के पावित टांगकमोलप्रासर्ट (64-65) से सिर्फ एक शॉट पीछे हैं, हालांकि दूसरे दिन का खेल अभी पूरा नहीं हुआ है। सैंतीस साल के खिलाड़ी ने पहले दौर की शुरुआत ईगल के साथ की, लेकिन अंधेरा होने के कारण पहने दिन का खेल पूरा नहीं कर पाए। उन्होंने अपने पहले दौर को पूरा किया और फिर दूसरे दौर के बाद अपना कुल स्कोर 10 अंडर कर लिया। भुल्लर के एशियन टूर पर कुल 11 खिताब हैं, जिनमें से पांच जीतें उन्होंने इंडोनेशिया में हासिल की हैं।

### सेंथिलकुमार, चोटरानी क्वार्टर फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली।** भारत के वेलावन सेंथिलकुमार और वीर चोटरानी अमेरिका के चार्लोट्सविले में आयोजित 31,250 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'चार्लोट्सविले ओपन' स्क्वैश के अपने-अपने क्वार्टर फाइन मैचों में हार गए। चौथी वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार को गुरुवार को सलमान खलील के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मिस्र के खिलाड़ी ने सेंथिलकुमार पर 12-10, 9-11, 11-8, 11-3 से जीत हासिल की। सातवीं वरीयता प्राप्त चोटरानी अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त टिमोथी ब्राउनेल से 6-11, 11-9, 1-11, 6-11 से हार गए। रविवार से न्यूयॉर्क में शुरू होने वाले 74,000 डॉलर इनामी पीएसए कांस्य स्तर की प्रतियोगिता 'ओपन स्क्वैश क्लासिक' में भाग लेंगे।

### यूरोपा लीग फुटबॉल लिली ने रोमा को हराया



**रोम।** रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए, जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिए गए लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया। इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है।

# 69 रन पर सिमटी साउथ अफ्रीका की टीम, इंग्लैंड ने 10 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

लिंसे स्मिथ की अगुआई में अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंग्लैंड ने शुक्रवार को आईसीसी महिला वनडे विश्व कप मैच में दक्षिण अफ्रीका को दस विकेट से हराकर अपने अभियान की जबर्दस्त शुरुआत की।

इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 69 रन पर आउट करके ही परिणाम लगभग तय कर दिया था। स्मिथ ने सात रन देकर तीन विकेट लिए। यह दक्षिण अफ्रीका का महिला विश्व कप इतिहास में दूसरा न्यूनतम स्कोर था। जवाब में इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। सलामी बल्लेबाज एमी जोंस ने 40 और टैमी ब्यूमोंट ने 21 रन का योगदान दिया।



- महिला विश्व कप के इतिहास में दक्षिण अफ्रीका का दूसरा न्यूनतम स्कोर
- इंग्लैंड ने 14.1 ओवर में लक्ष्य किया हासिल
- दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर



### दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर दबाव

तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने सुने लुस का विकेट झटका, जिससे दक्षिण अफ्रीका की टीम छह ओवरों में 19 रन पर चार विकेट गंवाकर मुश्किल में थी और इन झटकों से टीम उबर ही नहीं सकी। मजबूत बल्लेबाजों के लगातार आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका के मध्यक्रम पर काफी दबाव आ गया था। टीम की बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए। इंग्लैंड की कप्तान साइवर ने क्लो ट्रायोन और नादिन डी क्लार्क को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की मुश्किलें और बढ़ा दीं। इससे उसकी वापसी की संभावना भी खत्म हो गई।

### *इंग्लैंड की स्मिथ और नेट स्किवर ने झटके 5 रन देकर 2 विकेट*

*इससे पहले इंग्लैंड के लिए स्मिथ के अलावा कप्तान नेट स्किवर ब्रंट (पांच रन देकर दो विकेट), सोफी एक्लेस्टोन (19 रन देकर दो विकेट) और चार्ली डीन (14 रन देकर दो विकेट) ने दो-दो विकेट झटके। दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम 20.4 ओवर में ढेर हो गई, उसके लिए विकेटकीपर बल्लेबाज सिनाओ जाफ्टा (22 रन) ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं। पिच से गेंदबाजों को मदद मिल रही थी और टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला करने वाली इंग्लैंड ने दूसरे ओवर में ही स्मिथ को गेंद थमा दी, जिसका फल उसे तुरंत ही मिल गया। स्मिथ ने दूसरे ओवर की दूसरी ही गेंद पर एक आसान रिटर्न कैच लपककर दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ट को आउट कर दिया। फिर स्मिथ ने चौथे ओवर में टैजमिन ब्रिट्स को और छठे ओवर में अनुभवी मारिजाने काप को बोल्ड कर दिया।*

## भारत ने पहली पारी में 5 विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति की मजबूत

# भारत ने वेस्टइंडीज पर कसा शिकंजा, जुरेल जडेजा और राहुल ने खेली शतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

विकेटकीपर ध्रुव जुरेल (125), हरफनमौला रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल (100) की शतकीय पारियों से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में पांच विकेट पर 448 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रन पर सिमटी थी। भारत ने पांच विकेट शेष रहते 286 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना शिकंजा कस दिया। पिच पर गेंदबाजों के पैर वाले निशान से स्पिनरों को मिल रहे असामान्य उछाल को देखते हुए वेस्टइंडीज के लिए अब पारी की हार को टालना भी मुश्किल होगा। दिन का खेल खत्म होते समय जडेजा के साथ वाशिंगटन सुंदर (नौ रन) क्रीज पर मौजूद थे।

### जुरेल ने पूरा किया टेस्ट करियर का अपना पहला शतक

चौबीस साल के जुरेल ने भारतीय पारी के 116वें ओवर में वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज के खिलाफ चौके के साथ 190 गेंद में टेस्ट करियर का अपना पहला शतक पूरा किया तो वहीं शानदार लय में चल रहे जडेजा ने इसके 10 ओवर बाद वारिकन के खिलाफ एक रन चुरा कर 168 गेंद में अपना छठा टेस्ट शतक पूरा किया। इस मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मुकाबले में 140 रन बनाने वाले जुरेल ने 210 गेंद की पारी में 15 चौके और तीन छक्के जड़े। जडेजा ने थोड़ी तेजी से बल्लेबाजी करते हुए अब तक 176 गेंद की पारी छह चौके और पांच बड़े छक्के लगा चुके हैं। दोनों ने दिन के दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह से हावी होते हुए पांचवें विकेट के लिए 206 रन की साझेदारी कर मैच में वेस्टइंडीज के लिए वापसी के रास्ते को लगभग बंद कर दिया। जुरेल ने शतक पूरा करने के बाद आक्रामक रूख अपनाया। वह खारे पियरे की गेंद पर विकेटकीपर शाई होप को कैच देकर आउट हुए। पियरे के टेस्ट करियर का यह पहला विकेट है।

**वेस्टइंडीज पहली पारी में 162 रन पर सिमटी**



### *जुरेल ने भारतीय सेना को समर्पित किया शतक*

*विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक भारतीय सेना को समर्पित करते हुए कहा कि उनके मन में हमेशा 'रणभूमि में उनके योगदान के लिए सम्मान' रहा है। जुरेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन 125 रनों की शानदार पारी खेली। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक तक पांच विकेट पर 448 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। उनके अनुभवी साथी लोकेश राहुल (100) और रविंद्र जडेजा (नाबाद 104) ने भी शतक जड़े। बल्ले से अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा 24 वर्षीय जुरेल ने अर्धशतक और फिर शतक पूरा करने के बाद जश्न मनाने के अपने तरीके से सबका ध्यान खींचा। जुरेल के पिता भारतीय सेना में रहे है और वह कारगिल युद्ध में शामिल थे। उन्होंने अर्धशतक और शतक पूरा करने के बाद सलामी देने की मुद्रा के साथ अपने पिता और भारतीय सेना को सम्मान दिया। जुरेल ने कहा, ' अर्धशतक के बाद का जश्न मेरे पिता के लिए था और शतक के बाद का जश्न सेना के लिए। रणभूमि में वे जो करते हैं, उसके लिए मेरे मन में हमेशा उनके प्रति सम्मान रहा है।'*

### राहुल ने जड़ा अपने कॅरियर का 11वां टेस्ट शतक



इससे पहले कप्तान शुभमन गिल (100 गेंदों पर 50 रन) और लोकेश राहुल (197 गेंदों पर 100 रन) व्यक्तिगत उपलब्धियां हासिल करने के तुरंत बाद आउट हो गए। राहुल ने घरेलू सरजमीं पर नौ साल के सूखे को खत्म करते हुए अपना दूसरा और करियर का 11वां टेस्ट शतक जड़ा। राहुल ने 197 गेंद की पारी में 12 चौके जड़े है। घरेलू सरजमीं पर राहुल ने इससे पहले 2016 अपना पहला शतक जड़ा था। उन्होंने तब इंग्लैंड के खिलाफ 199 रन की पारी खेली थी। दूसरे सत्र के शुरुआती ओवर में ही राहुल के आउट होने के बाद जुरेल ने भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। इसके कुछ देर के बाद जडेजा ने जोमेल वारिकन के खिलाफ दो छक्के जड़े अपने तेवर दिखाए।

# प्रणय, लक्ष्य, अश्विनी ने टीम का बढ़ाया मनोबल





एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

एचएस प्रणय ने इसे 'जीवन में एक बार मिलने वाला अवसर' बताया, लक्ष्य सेन ने खिलाड़ियों से घरेलू परिस्थितियों का लाभ उठाने की सलाह दी जबकि अश्विनी पोनप्पा ने अपने अभ्यास और कौशल पर भरोसा रखने के संदेश के साथ विश्व जूनियर चैंपियनशिप से पहले 25 सदस्यीय भारतीय टीम का हौसला बढ़ाया। बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर चैंपियनशिप 2025 का आयोजन छह से 19 अक्टूबर तक गुवाहाटी में होगा। भारत 17 साल के लंबे अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारत ने इससे पहले 2008 में पुणे में इसकी मेजबानी की थी।

प्रणय ने कहा, 'विश्व जूनियर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करना शायद जीवन में एक बार मिलने वाला मौका है।' प्रणय 2010 में विश्व जूनियर चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के बाद भारतीय बैडमिंटन के प्रमुख सितारों में से एक बन गए थे। उन्होंने कहा, 'यह जूनियर खिलाड़ियों के लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ खेलने का एक मौका है। यह पहला कदम है। यहां से आपको पता चल जाएगा कि अगले कुछ वर्षों में क्या उम्मीद करनी है,। अब आप सीनियर स्तर पर पहुंचने के करीब हैं।' भारतीय टीम के ज्यादातर सदस्य अत्याधुनिक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीई) में प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### लक्ष्य ने एकाग्रता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया

लक्ष्य ने एकाग्रता और अनुशासन के महत्व पर जोर दिया। जूनियर और सीनियर दोनों विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले 24 साल के इस खिलाड़ी ने कहा, "यह आपका घरेलू मैदान है। घरेलू समर्थन और परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए यह एक शानदार प्रतियोगिता है।'महिला युगल स्टार अश्विनी ने खिलाड़ियों से आग्रह किया कि वे खेल का लुत्फ उठाते हुए अपनी तैयारियों पर भरोसा रखें और देश के लिए अधिक से अधिक पदक जीतने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें।

# साहिल को मिली राहत हटा अस्थायी निलंबन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय वॉलीबॉल खिलाड़ी साहिल कुमार को अस्थायी लेकिन बड़ी राहत देते हुए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल (एडीडीपी) ने डोप जांच में विफल होने के कारण उन पर लगा अस्थायी निलंबन हटा लिया है।

पैनल ने कहा कि यह उल्लंघन संभवतः डोपिंग पदार्थ से दूषित किसी उत्पाद के सेवन के कारण हुआ है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के एडीडीपी ने 1 अक्टूबर को पारित अंतरिम आदेश के अनुसार अब साहिल कुमार गुरुवार से शुरू हुई 'प्राइम वॉलीबॉल लीग' के चौथे सत्र में कालीकट हीरोज के खिलाफ हैदराबाद ब्लैक हॉक्स के लिए खेल सकते हैं। साहिल के नमूने इस साल 14 मई को बेंगलुरु में प्रतियोगिता से बाहर लिए गए थे, जिसमें जीडब्ल्यू 1516 (कार्डारिन), सिंथेटिक एनाबॉलिक स्टेरॉयड ओक्सांड्रोलोन के अलावा अन्य पदार्थ पाए गए, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल पदार्थों में शामिल हैं। साहिल पर 12 जून को अस्थायी निलंबन लगाया गया था। उन्होंने इस मामले में अस्थायी सुनवाई का अनुरोध किया था।

सुनवाई के दौरान साहिल ने प्राइम वॉलीबॉल लीग में हिस्सा लेने के लिए तत्काल राहत की मांग की। वह अपने वकील पार्थ गोस्वामी के साथ उपस्थित थे।

## चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट ...



**बीजिंग।** चेक गणराज्य की लिंडा नोस्कोवा बीजिंग में चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल मैच में ब्रिटेन की सोने कार्तल को हराने के बाद खुशी जाहिर करती हुईं।

# श्रीलंका के सामने मजबूत ऑस्ट्रेलिया की चुनौती



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

श्रीलंका की टीम आईसीसी महिला विश्व कप के अपने दूसरे मैच में शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू परिस्थितियों का भरपूर लाभ उठाकर बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण की समस्याओं को दूर करने की कोशिश करेगी।

भारत के खिलाफ अपने पहले मुकाबले में श्रीलंका ने अच्छी गेंदबाजी की थी लेकिन लचर क्षेत्ररक्षण और लापरवाही से कुछ विकेट गंवाने का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। टीम नौ बल्लेबाजों के दहाई का आंकड़ा छूने के बावजूद 45.4 ओवर में 211 रन पर ढेर हो गई।कप्तान चमारी अटापट्टू और उनकी टीम को अब गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा, जिन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने पहले मैच में शानदार जीत दर्ज की थी।

- आईसीसी महिला विश्व कप : श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया में मुकाबला आज दोपहर 3 बजे से

### *एश्ले गार्डनर ने बल्लेबाजी में अपनी गहराई को दर्शाया*

*ऑस्ट्रेलिया ने 128 रन पर पांच विकेट गंवाने के बाद एश्ले गार्डनर की शतकीय पारी और नौवें नंबर की बल्लेबाज किम गार्थ के उपयोगी योगदान ने 326 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर अपनी बल्लेबाजी में गहराई को दर्शाया। बेथ मूनी, फोबे लिचफील्ड और कप्तान एलिसा हीली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के तौर पर ऑस्ट्रेलिया के पास एक मजबूत और आक्रामक बल्लेबाजी क्रम है, जो उन्हें बेखौफ होकर आक्रामक क्रिकेट खेलने की छूट देता है। न्यूजीलैंड के खिलाफ उनकी गेंदबाजी इकाई ने शानदार प्रदर्शन किया। तेज गेंदबाज एनेबेल सदरलैंड ने एक ही ओवर में तीन विकेट लिए। लेग-स्पिनर अलाना किंग और बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनक्स ने बीच के ओवरों में दबाव बनाए रखा। मेगन शट, एलिस पेरी, ताहलिया मैक्ग्रा और डार्सी ब्राउन जैसे अनुभवी गेंदबाज भी लगातार खतरा बने रहते हैं। श्रीलंका के लिए यह मुकाबला बहुत चुनौतीपूर्ण होगा और उसे जीत के लिए बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में अनुशासित और निरंतर प्रदर्शन करना होगा।*

*टीमें: ऑस्ट्रेलिया: एलिसा हीली (कप्तान, विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।*

*श्रीलंका: चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विष्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणवीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।*

## दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली बनीं तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर

# मीराबाई चानू ने रचा इतिहास, 199 किग्रा का वजन उठाकर जीता रजत

एजेंसी ▶▶| नार्वे

भारत की स्टार महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने नार्वे के फोर्डे में जारी वर्ल्ड चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया है। उन्होंने इस प्रतियोगिता में 199 किग्रा का वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। अब आखिरकार इस प्रतियोगिता में उनका ये तीसरा मेडल है। वह कुंजारानी देवी और कर्णम मल्लेश्वरी के बाद दो से ज्यादा वर्ल्ड चैंपियनशिप मेडल जीतने वाली तीसरी भारतीय वेटलिफ्टर बन गई हैं।

### 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में जीता था सिल्वर

वहीं मीराबाई आखिरी बार टोक्यो ओलंपिक में दिखी थीं, जहां उन्होंने 115 किलोग्राम का भार क्लीन एंड जर्क में उठाया था। वहां भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। उसके बाद पिछले चार सालों में वह लगातार चोट और सर्जरी से गुजर रही हैं। हालांकि, 2022 वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी उन्होंने सिल्वर मेडल जीता था। वर्ल्ड चैंपियनशिप के मंच पर सिल्वर मेडल जीतने के बाद वह प्लेटफॉर्म से सीधा अपने कोच विजय शर्मा के पास गईं और उनका धन्यवाद किया।

### मानसिक और शारीरिक तकलीफ से उबरी मीरा बाई

बता दें कि, मीराबाई पिछले कुछ सालों में मानसिक और शारीरिक तकलीफ से जूझ रही थीं। पेरिस ओलंपिक और उससे पहले एशियन गेम्स 2023 में चौथे स्थान पर रहते हुए निराशा उनके हाथ लगी थी। 48 किग्रा वर्ग में मीराबाई ने स्नैच में 84 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 115 किलोग्राम समेत कुल 199 किग्रा का भार उठाते हुए दूसरे स्थान पर कब्जा किया। वह उत्तर कोरिया कि रि सोंग गुम से पीछे रह गईं और गोल्ड मेडल जीतने से चूक गईं। रि सोंग ने कुल 213 किलो का भार उठाकर गोल्ड अपने नाम किया। जबकि चीन की थान्याथन ने ब्रॉन्जमेडल जीता।



### *पोडियम पर जगह पाकर खुश*

*चानू ने कहा, 'मैं पोडियम पर जगह पाकर खुश हूं। अगस्त में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप में मेरे पिछले प्रदर्शन के बाद इससे मुझे आने वाले वर्ष के लिए बहुत आत्मविश्वास मिला है।' उन्होंने कहा, 'अब हर प्रतियोगिता 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की मेरी तैयारी का हिस्सा है। आगामी राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल उस यात्रा में महत्वपूर्ण पड़ाव होंगे। मेरा ध्यान कड़ी मेहनत करने, हर प्रतियोगिता से सीखने और देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है।' मुख्य कोच विजय शर्मा ने कहा कि विश्व चैंपियनशिप में चानू का पोडियम पर पहुंचना उनकी निरंतरता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 'यह उनके करियर के एक बेहद अहम दौर की शुरुआत है क्योंकि अगले साल होने वाले राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल लॉस एंजिलिस ओलंपिक से पहले उनके लिए अहम परीक्षा होंगे।*

बिहारी लड़के ने बनाया दीवाना

# लंदन में गमछा ओढ़कर बेचा समोसा, फिरंगियों ने भी जमकर उठाया लुत्फ



**लंदन।** अगर भारत की शाम की चाय के साथ किसी स्नैक का नाम सबसे पहले लिया जाता है तो वह है समोसा। तिकोने आकार का यह छोटा-सा व्यंजन सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि अब पूरी दुनिया में लोगों के दिल पर राज कर रहा है। इसकी लोकप्रियता इतनी बढ़ चुकी है कि विदेशों में भी इसकी डिमांड लगातार बढ़ रही है। लंदन से हाल ही में एक दिलचस्प किस्सा सामने आया है जिसने सोशल मीडिया पर खूब सुर्खियां बटोरीं। तो आज की इस खबर में हम भी आपको इसी वीडियो के बारे में विस्तार से बताने जा रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

लंदन में एक फूड स्टॉल है जिसका नाम है 'घंटावाला बिहार'। इसके दो आउटलेट्स शहर में मौजूद हैं और ये ब्रांड इन दिनों खास चर्चा में है। वजह यह है कि इसके मैनेजर ने ग्राहकों को दुकान पर आने का इंतजार करने के बजाय खुद सड़कों पर जाकर समोसे बेचने का तरीका अपनाया है। यही अलग अंदाज लोगों को खूब भा रहा है।

### गमछा ओढ़कर सड़कों पर बेचा समोसा

वायरल वीडियो में देखा गया कि यह मैनेजर बस स्टॉप, पार्क और चाय की दुकानों के बाहर जाकर लोगों को बिहारी समोसा ऑफर करता है। वह मजाकिया अंदाज में कहता भी है, 'तुम्हें कभी नहीं पता चलेगा कि मैं अगली बार कहां आ जाऊंगा।' यह बात सुनकर लोग हंसते भी हैं और चौंकते भी। इस बीच वीडियो में एक और दिलचस्प चीज नजर आई। एक विदेशी युवक अपनी नई चमचमाती टेस्ला कार में बैठकर चाव से समोसा खाता दिखा।

### यह है पूरी कहानी

इंस्टाग्राम पर यह वीडियो @बिहारीसमोसाडाटयूके नाम से शेयर किया गया है। लोग इसे देखकर लगातार कमेंट कर रहे हैं। ब्रिटेन में रह रहे भारतीय प्रवासी तो इसे देखकर बेहद खुश हैं क्योंकि उन्हें अपने देश का असली स्वाद मिल रहा है। वहीं, स्थानीय ब्रिटिश नागरिक और दूसरे विदेशी भी इस अनोखे तड़के का आनंद ले रहे हैं। अगर इसकी जड़ों की बात करें तो घंटावाला समोसा की कहानी बहुत पुरानी है। पिछले पचास वर्षों में यह ब्रांड लगातार बढ़ा है।

आज तक अनसुलझी है कहानी

# इस रहस्यमयी जहाज पर अचानक सभी की हो गई थी मौत

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई जहाजों की कहानियां काफी मशहूर हैं। कई जहाजों को रहस्यों की वजह से जाना जाता है। एक ऐसा ही जहाज है, जिसकी घटना अभी तक अनसुलझी है। इस घटना के बारे में जिसे जानकारी होती है, वो सोचने पर मजबूर हो जाता है। यह करीब 77 साल पुरानी है। साल 1947 के जून महीने में मलक्का की खाड़ी में मौजूद व्यापारिक मार्ग से कई समुद्री जहाज गुजर रहे थे। इसी दौरान एक एसओएस संदेश पहुंचा कि जहाज के सभी क्रू सदस्यों की मौत हो चुकी है। एसओएस संदेश आपातकालीन स्थिति में ही भेजे जाते हैं। इसके बाद जहाज के सिग्नल को पहचानकर नजदीक के सभी जहाज उस रहस्यमयी जहाज की तरफ बढ़े। उस समय रहस्यमयी जहाज के सबसे नजदीक मर्चेन्ट शिप द सिल्वर स्टार था, जो तेजी से उसके पास पहुंच गया। द सिल्वर स्टार के क्रू मेंबर्स जब उस रहस्यमयी जहाज पर पहुंते तो वो यह देखकर दंग रह गए कि हर तरफ सिर्फ लाशें ही लाशें बिखरी पड़ी थीं। कई लोगों की तो आंखें भी खुली हुई थीं। उन्हें देखकर ऐसा लग रहा था, जैसे वो किसी चीज से डरे हुए हों। इसमें सबसे हैरानी की बात यह थी कि मरने वाले लोगों के शरीर पर किसी भी तरह के जख्म के निशान नहीं थे।



### द सिल्वर स्टार के क्रू सदस्य

बाद में द सिल्वर स्टार के क्रू मेंबर्स जब उस रहस्यमयी जहाज के बॉयलर रूम में पहुंचे तो उन्हें बहुत ज्यादा ठंड लगने लगी जबकि वहां का तापमान 100 डिग्री सेल्सियस से ऊपर था। अब यह बेहद ही हैरान करने वाली बात थी। यह सब देखने के बाद द सिल्वर स्टार के क्रू सदस्यों ने जल्दी से अपने जहाज पर जाने का फैसला किया। द सिल्वर स्टार के क्रू सदस्य अपने जहाज तक पहुंचते, उससे पहले ही उस रहस्यमयी जहाज से धुआं निकलने लगा और उसमें आग लग गई। हालांकि, किसी तरह क्रू सदस्य अपने जहाज पर पहुंचे। उनके वहां पहुंचते ही उस रहस्यमयी जहाज में एक जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते जहाज समुद्र की गहराईयों में समा गया।

## यूजर्स ने थमा दी अंग्रेजों की लूट की लिस्ट

# 'ब्रिटेन ने भारत को गुलाम नहीं बनाया!' बहस में कूदे मस्क?

**नई दिल्ली।** एक्स पर एक पोस्ट आई। पोस्ट करने वाले ने एक अजीब सा तर्क देते हुए कहा कि अंग्रेजों ने भारत पर शासन नहीं किया है और भारत अंग्रेजों की कॉलोनी नहीं रहा है। फ्रीडोमैन नाम का हैंडल चलाने वाले स्टीफन मोलिन्यूक्स नाम के शख्स ने लिखा है कि यदि भारतीय लोग इंग्लैंड में जाकर अंग्रेज बन सकते हैं (जैसे कि माइग्रेशन के माध्यम से एक नई पहचान अपनाना), तो उसी तरह अंग्रेज जो भारत में आए वे भारतीय बन गए।

इस आधार पर मोलिन्यूक्स निष्कर्ष निकालते हैं कि अंग्रेजों ने भारत पर शासन नहीं किया और इसलिए 'उपनिवेशवाद' जैसी कोई चीज नहीं थी। खास बात ये रही है कि एक्स के मालिक एलन मस्क ने इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी। भारत में ब्रिटिश उपनिवेशवाद को खारिज करने की इस कोशिश का सीधा-सीधा विरोध होना चाहिए था। लेकिन मस्क ने इस पोस्ट पर 'थिंकिंग' इमोजी दी।




### सोशल मीडिया पर मचा बवाल

मस्क की इस प्रतिक्रिया पर सोशल मीडिया पर बवाल हो गया है। मस्क की इस टिप्पणी को लगभग 2 करोड़ लोग देख चुके हैं। डेढ़ लाख लोगों ने लाइक किया है और 15 हजार लोगों ने रीपोस्ट किया है। जबकि 10 हजार लोगों ने मस्क की इस टिप्पणी पर उनसे चुभते हुए सवाल पूछे हैं और उनपर ब्रिटिश उपनिवेशवाद की गंभीरता को कम करने आरोप लगाया है। मोलिन्यूक्स का दृष्टिकोण अक्सर विवादास्पद होता है, वे अपनी पोस्ट में नस्लवाद और उपनिवेशवाद कम करने और सही करने की कोशिश करते हुए दिखते हैं।

### दोनों की तुलना हास्यापद

लेकिन इस पोस्ट पर मस्क द्वारा प्रतिक्रिया देना भारतीयों को अखर गया। एलन मस्क की ये पोस्ट अब कम्युनिटी चेक हो चुकी है। कम्युनिटी नोट में कहा गया है, 'दोनों की तुलना करना हास्यास्पद है। अंग्रेज अवैध रूप से भारत आए, यहां की संपत्ति लूटी, लाखों लोगों को मारा और जब वे गए तब तक भारत सबसे गरीब देशों में से एक था। इसके विपरीत, ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय ब्रिटिश सरकार द्वारा जारी वीजा पर कानूनी रूप जाते हैं।'

### *फ्रांस ने फ्रांस पर किया कब्जा*

*एक दूसरे यूजर ने कहा है कि, 'इस तर्क से जब 1940 में जर्मनों ने फ्रांस में कदम रखा तो वे फ्रांसीसी बन गए। इस तरह फ्रांस ने फ्रांस पर कब्जा कर लिया। इसी तरह, 2003 में अमेरिकी अफ़गान और इराकी बन गए। और अब यूक्रेन पर कब्जा कर रहे रूसी सैनिक यूक्रेनी हैं। उन्हें वापस जाने की कोई जरूरत नहीं है।' एक अन्य यूजर ने लिखा है कि, 'किसी दूसरे देश में रहने से औपनिवेशिक प्रभुत्व मिट नहीं जाता. जब भारतीय ब्रिटेन गए तो वे विदेशी ही रहे. जब अंग्रेज भारत आए, तो उन्होंने राजनीतिक, सैन्य और आर्थिक नियंत्रण से लाखों लोगों पर शासन किया। यही उपनिवेशीकरण है।' एक शख्स ने मस्क को फटकार लगाते हुए लिखा कि, 'यह एक हास्यास्पद रूप से मूर्खतापूर्ण प्रस्ताव है।*

# शादी के लिए चाहिए दूल्हा, हाइवे पर लगवा दिए होर्डिंग



**न्यूयार्क।** सोशल मीडिया पर कई ऐसे मामले सामने आते हैं, जो लोगों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं। अब एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने लोगों को हैरत में डाल दिया है। दरअसल, कैलिफोर्निया में सड़कों पर एक होर्डिंग लगाई गई जिसकी हर तरफ चर्चा है। दरअसल, एक 42 साल की महिला ने पार्टनर की तलाश करते करते परेशान हो गई जिसके बाद उसने शहर की सड़कों पर होर्डिंग लगवाया है ताकि शादी के लिए उसके कोई लड़का मिल जाए। महिला ने मशहूर हाइवे 101 पर दर्जनों बिलबोर्ड किराए पर लिए हैं जिसपर उसने अच्छा खासा पैसा भी खर्च किया है। हाइवे से गुजरने वाले सभी यात्री शादी का यह एड देखते हैं।

### यह करती है काम

हाइवे पर होर्डिंग लगवाने वाली महिला का नाम लिसा है, जो कैलिफोर्निया की विंटेज कपड़ों की बिक्री का काम करती हैं। उन्होंने इस बारे में बात एक मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं खुद को सबके सामने ला रही हूं अगर लोगों को पता चले कि मुझे इसकी कितनी कीमत चुकानी पड़ रही है, तो वे चौंक जाएंगे। महिला ने कहा कि यह कोई कोई मजाक नहीं है, क्योंकि इसके लिए मैंने अच्छा खासा पैसा खर्च किया है, मुझे अपना पति ढूंढ़ना है। शादी के प्रस्ताव के होर्डिंग सांता क्लारा और सैन फ्रांसिस्को के बीच 45 किलोमीटर तक लगाए हैं। शादी के लिए अप्लाई करने के लिए बिलबोर्ड में एक वेबसाइट भी दी गई है। जहां पर जाकर लोग आवेदन कर सकते हैं। होर्डिंग का किराया बदलता रहता है। लिसा हर बिलबोर्ड के लिए अलग-अलग पैसा देती हैं, जो इस बात पर निर्भर है कि उस जगह की कितनी मांग हैं। दिन का समय क्या है और होर्डिंग कहां पर लगी है।

### डेटिंग ऐप्स पर नहीं मिला लड़का

दरअसल, अप्रैल में लिसा का रिश्ता टूट गया, जिसके बाद उन्होंने कई डेटिंग ऐप पर कोशिश की। हालांकि, शादी के लिए उन्हें लड़का नहीं मिला। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लिसा को होर्डिंग के जरिए शादी करने पर कोई परेशानी नहीं है। वह चाहती है उसका साथी 35 से 45 साल का हो, धार्मिक और राजनीतिक मान्यताओं में मेल खाता हो और स्वस्थ जीवन शैली अपनाता हो।

# 105 पुरुषों के बाद इंग्लैंड चर्च में बनीं पहली महिला आर्चबिशप सारा

**लंदन।** अभी तक ब्रिटेन के लंदन की बिशप रहीं सारा मुलली को शुक्रवार को चर्च ऑफ इंग्लैंड का आर्चबिशप ऑफ कैंटरबरी नियुक्त किया गया। ये पहली बार है जब किसी महिला को इस पद के लिए चुना गया है और वो इंग्लैंड चर्च की आध्यात्मिक नेतृत्व की सबसे बड़ी महिला बन गई हैं। 63 साल की मुलली पहले इंग्लैंड की चीफ नर्सिंग ऑफिसर रह चुकी हैं। उनके सामने कई गंभीर चुनौतियां हैं जिसमें चर्च में महिलाओं और एलजीबीटीक्यू समुदाय के साथ व्यवहार को लेकर मतभेद शामिल हैं। इसके अलावा उन्हें उन मामलों से भी निपटना होगा जहां चर्च के नेताओं ने पिछले दशक से चल रहे यौन उत्पीड़न घोटालों को रोकने में पर्याप्त कदम नहीं उठाए। **105 पुरुषों के बाद मिला ये पद-** चर्च में महिलाओं की भूमिका को लेकर ये एक बड़ा मील का पत्थर है। इंग्लैंड चर्च ने 1994 में पहली महिला प्रीस्ट और 2015 में पहली महिला बिशप को आदेशित किया था।

चोट एवं जलने के बाद घाव की प्लास्टिक सर्जरी
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com